श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 287, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 13 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

**क्रिया योगः** साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।





10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## 65.50% वोटिंग, सिरमौर में सबसे ज्यादा मतदान, सीएम जयराम का गृह जिला मंडी छठे नंबर पर

# हिमाचलः उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों पर 65.50% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 69.67% वोटिंग सिरमौर जिले में हुई। दूसरे नंबर पर 68.48% वोटिंग के साथ सोलन जिला है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का गृह जिला मंडी छठवें नंबर पर रहा। यहां 65.59% वोटिंग हुई। सबसे कम 62% वोटिंग किन्नौर जिले में हुई। वहीं कई बूथों पर मतदान का समय खत्म होने के बाद भी मतदाताओं की कतार लगी रही।

**कांग्रेस का भाजपा आईटी सेल पर फर्जी सर्वे सकुर्लेट करने का आरोपः** मतदान के बीच ही हिमाचल कांग्रेस चुनाव आयोग के पास पहुंच गई। उन्होंने शिकायत दी कि भाजपा के आईटी सेल ने फेक सर्वे रिपोर्ट सकुर्लेट कर दी है। इसमें हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला की तरफ से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम लिखा फर्जी लेटर वायरल किया जा रहा है। जिसमें भाजपा को ज्यादा और कांग्रेस को कम सीटें मिलने की बात लिखी गई है।




कांग्रेस ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया।

**हिमाचल में 412 उम्मीदवार मैदान में:** पूरे हिमाचल से 412 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य के करीब 56 लाख मतदाता इनकी किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें 28 लाख 54 हजार 945 पुरुष, 27 लाख 37 हजार 845 महिलाएं और 38 थर्ड जेंडर वोटर हैं। मतगणना 8 दिसंबर को होगी। 2017 में राज्य में 75.57% मतदान हुआ था। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले के टशीगंग में बना दुनिया का सबसे ऊंचा पोलिंग बूथ। यह 15256 फीट की ऊंचाई पर है, जहां 52 मतदाता हैं। 100 फीसदी वोटर टर्न आउट के लिए इसे मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाया गया है।



वहीं पीएम नरेंद्र मोदी का ट्वीट, 'देवभूमि के समस्त मतदाताओं से मेरा निवेदन है कि वे लोकतंत्र के इस उत्सव में पूरे उत्साह के साथ भाग लें और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाएं। पहली बार वोट देने वाले राज्य के सभी युवाओं को मेरी विशेष शुभकामनाएं।

राज्य मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने लोगों से कहा- पहले मतदान, फिर जलपान। वहीं राहुल और प्रियंका गांधी ने कहा- हिमाचल पुरानी पेंशन बहाली के लिए वोट करेगा, हिमाचल रोजगार के लिए वोट करेगा, हिमाचल हर घर लक्ष्मी योजना के लिए वोट करेगा। चंबा जिले के कबायली क्षेत्र पांगी के पुरथी मतदान केंद्र में सुबह 8 बजे एश्ट मशीन खराब होने की शिकायत आई। मतदान एक घंटे देरी से शुरू हुआ।

### विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान

**कुल्लूः विश्व** के सबसे ऊंचे और आदर्श मतदान केंद्र टाशीगंग में शनिवार को मतदान एक उत्सव की तरह मनाया गया। यहां पर शत प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां पर 52 मतदाता थे और सभी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर एडीसी काजा अभिषेक वर्मा द्वारा पारंपरिक ड्रेस पहने मतदाताओं को सम्मानित किया गया ओर सभी मतदाताओं को बधाई भी दी गई। आदर्श मतदान केंद्र को पारंपरिक तरीके से सजाया गया था छोटे बच्चों के लिए क्रेच बनाया गया था। एक काउंटर मतदाताओं की मदद के लिए और एक वेटिंग रूम भी बनाया गया था । उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि टाशीगंग और गेते गांव के मतदाता यहां आते हैं। इन सभी मतदाताओं को बीएलओ ने घर घर जाकर वोट डालने के लिए जागरूक किया था।

### नये मतदाताओं ने जोश और उत्साह के साथ किया मतदान

**मंडी: हिमाचल** प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर नए मतदाताओं में नया जोश व उत्साह देखा गया। पहली बार अपना वोट देने जा रही भंगरोटू की आयीशा ने कहा कि पहली बार मतदान करने को लेकर वह उत्साहित है। वह अपना वोट उसी उम्मीदवार को देगी जो उसे लगता है कि आने वाले समय में अपने क्षेत्र व युवाओं के लिए काम करेगा। उसी प्रकार नाचन विधानसभा क्षेत्र के महादेव मतदान केंद्र में पहली बार मतदान करने आईं सुहाना, संस्कृति, खुशबू, सिमरन और सृजन का कहना है कि मतदान करना उनका मौलिक अधिकार है। उन्हें उम्मीद है कि उनके द्वारा चुना हुआ नुमाइंदा अपने क्षेत्र के लोगों के हितों को देखते हुए योजनाएं बनाएगा और क्षेत्र का विकास करेगा। इधर, बल्ह विधानसभा क्षेत्र के टांवां बूथ पर मतदान करने आई आंचल, संजना और मुस्कान भी पहली बार मतदान केंद्र में आकर मतदान करने को लेकर उत्साहित दिखीं।

# बिटिया को गलत नजर से देखा तो...

**भोपालः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि मां, बहन, बेटियों को उनके जीवन का अधिकार दिलाना ही मेरी जिंदगी का लक्ष्य है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला प्रदेश है, जहां तय किया गया कि अगर बिटिया को किसी ने गलत नजर से देखा, गलत हरकत की तो सीधे फांसी के फंदे पर चढ़ाया जाएगा। 87 लोगों को फांसी की सजा सुनाई गई है। दुराचारी को बख्शेंगे नहीं, इनके घर तोड़ दो...। सीएम ने कहा कि प्रदेश में पहले 1 हजार बेटों पर 912 बेटियां जन्म लेती थीं। अब यह संख्या बढ़कर 956 हो गई है। मेरी इच्छा है कि एक हजार बेटे पैदा हों, तो एक हजार बेटियां भी जन्म



लें। उन्होंने ये बातें महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं के लिए भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम में शिवराज ने कहा- मुझे ये बात कहने में कोई संकोच नहीं कि मैं 18 घंटे काम करता हूं। सुबह से देर रात तक लगा रहता हूं। सोचता हूं कि मप्र की साढ़े आठ करोड़ जनता के लिए काम करना है। उसी तरह हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं और सहायिका बहनें बच्चों को सुपोषित करने के लिए जी-जान से लगी रहती हैं।

# तेलंगाना में सूर्य उदय बहुत दूर नहीं: मोदी

## सिंगरेनी कोलियरीज के निजीकरण का कोई इरादा नहीं : मोदी

**रामागुंडम/नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने शनिवार को जोर देकर कहा कि सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के निजीकरण का केंद्र के पास कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस संबंध में अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के रामागुंडम में 6,338 करोड़ रुपये की लागत से तैयार फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) उर्वरक संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही 9,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने इशारों ही इशारों



में तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा, राजनीतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोग जनता को भड़काने के लिए अफवाह फैलाते हैं। तेलंगाना में एससीसीएल और विभिन्न कोयला खदानों के बारे में ऐसी अफवाहें फैलाई जा रही हैं और इसे हैदराबाद से हवा दी जा रही है। अफवाह फैलाने वालों को ये पता नहीं है कि झूठ पकड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के स्वामित्व वाली सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड से संबंधित भूमिगत खदानों और ओनपकास्ट परियोजनाओं के साथ काम करने वाले कोयला खनिकों ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के विरोध में प्रदर्शन किया था। मोदी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि एससीसीएल में तेलंगाना सरकार की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। केंद्र के पास केवल 49 प्रतिशत है। ऐसे में स्पष्ट है कि केंद्र एससीसीएल के निजीकरण का फैसला नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि कोयला खदानों की नीलामी पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है। जहां से खनिज निकाले जाते हैं वहां की स्थानीय आबादी को लाभ पहुंचाने के लिए हमने डीएमएफ बनाया है।

# मोदी कभी पटेल नहीं बन सकते: मिस्त्री

**अहमदाबादः कांग्रेस** ने गुजरात चुनाव के लिए शनिवार को अहमदाबाद में पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इसमें 10 लाख सरकारी नौकरियां, किसानों की कर्ज माफी और हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में भारी-भरकम दावे किए, लेकिन इसमें वादों से ज्यादा विवादों की छाया नजर आ रही है।

**नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नाम बदलकर सरदार पटेल करेंगेः** पार्टी ने अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नाम बदलकर सरदार पटेल करने का ऐलान किया। वहीं,



बिलकिस बानो गैंगरेप केस के दोषियों की रिहाई रद्द कर उन्हें फिर जेल भेजने की बात भी कही। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए पार्टी नेता मधूसूदन मिस्त्री ने तो यह तक कह दिया कि मोदी कभी पटेल नहीं बन सकते। उन्होंने कहा- इस चुनाव में उन्हें औकात दिख जाएगी।

# कानून दमन का साधन न बने: सीजेआई

**नई दिल्लीः** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून दमन का साधन नहीं बल्कि न्याय का साधन बना रहे, यह तय करना केवल न्यायधीशों का नहीं, बल्कि सभी नीति निर्धारकों की जिम्मेदारी है। उन्होंन शनिवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुये टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नागरिकों से उम्मीदें रखना बहुत अच्छी बात है लेकिन हमें संस्थानों के रूप में अदालतों की सीमाओं और उनकी क्षमता को समझने की भी जरूरत है। इस कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि कभी-कभी कानून और न्याय आवश्यक रूप से एक ही



रेखीय प्रक्षेपवक्र का पालन नहीं करते हैं। कानून न्याय का एक साधन हो सकता है, लेकिन कानून उत्पीड़न का एक साधन भी हो सकता है। हम जानते हैं कि कैसे औपनिवेशिक काल में वही कानून प्रताड़ना के साधन बने थे। तब के समय की कानून की किताबें आज उत्पीड़न के साधन के रूप में इस्तेमाल की जा सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम एक नागरिक के रूप में यह कैसे तय करते है कि कानून न्याय का साधन बन जाए और कानून उत्पीड़न का साधन न बने। ऐसे में कानून को न्याय का साधन बने रहने देने के लिए न्यायाधीशों के साथ ही सभी निर्णय निमार्ताओं को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

सीजेआई ने आगे कहा कि जो चीज लंबे समय तक न्यायिक संस्थानों को बनाए रखती है, वह करुणा की भावना, सहानुभूति की भावना और नागरिकों के प्रति जवाबदेही की क्षमता है।

# दिल्ली की हवा में कोई सुधार नहीं

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी की हवा लगातार 'बहुत खराब' बनी हुई है। शुक्रवार को सुबह 350 के करीब एक्यूआई दर्ज किया गया। जिसके कारण आसमान में धुंध छाई रही। हालांकि शुक्रवार के मुकाबले आज थोड़ी राहत मिली है। दिल्ली-ठउफ में शुक्रवार की सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक ( एक्यूआई) लेवल गंभीर श्रेणी के भी ऊपर अदक500 के पार पहुंच गया था। दिल्ली के आसपास से सटे इलाकों की बात करें तो नोएडा में 353 में गुरुग्राम में 346 एक्यूआई रहा किया गया। इसके साइड इफैक्ट से बचने के लिए एक्सपट्र्स ने कमरे में कपूर जलाने और बार बार पानी पीने की सलाह दी है।

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण दिल्ली में अब पॉल्यूशन के साथ तापमान में गिरावट होने लगी है। जिसके कारण सुबह और देर शाम ठंडक महसूस हुई। मौसम विभाग ने आज अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई है।

# राजस्थान में फिर सुलग सकती है आरक्षण की चिंगारी

**जयपुरः** राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर आरक्षण की लपटें उठने लगी हैं, लेकिन इस बार सत्ता में बैठी सरकार के ही मंत्री और एक विधायक आमने-सामने हो गए हैं। इस लिस्ट में दिव्या मदेरणा, मुकेश भाकर से लेकर कई नाम जुड़ते जा रहे हैं। चुनावी साल में आरक्षण के इस मुद्दे को सुलझाना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए बहुत बड़ी राजनीतिक चुनौती बन सकता है। कहीं ऐसा तो नहीं इस बार भूतपूर्व सैनिकों को ओबीसी के 21 प्रतिशत कोटे में आरक्षण की अधिसूचना बड़ा मुद्दा बन जाए। राजस्थान में हुए पिछले 5 विधानसभा चुनाव तो यही कहानी बयां करते हैं। पिछले 22-25 वर्षों में राजस्थान में गरीब सवर्णों को आरक्षण, जाटों को ओबीसी में शामिल कर आरक्षण देने,




गुर्जरों को ओबीसी से बाहर विशेष श्रेणी में आरक्षण देने, आदिवासियों को विशेष आरक्षण सहित हाल ही माली-सैनी-कुशवाहा समाजों ने ओबीसी के भीतर विशेष कोटे में आरक्षण देने की मांग बुलंद की है। आरक्षण की लंबी लड़ाई के चलते 70 लोगों की मौत हुई तो सैकड़ों लोग इस दौरान घायल हुए। अरबों की प्रोपर्टी बर्बाद हो गई, फिर भी यह आग रह-रह कर सुलग ही जाती है। जब चुनाव नजदीक आते हैं, तो आरक्षण का भूत बोतल से बाहर आए बिना नहीं रहता।

**2003 से अब तक चुनावों के परिणामों पर हावी रहा आरक्षण मुद्दाः** 2002 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राजस्थान में एक सभा में जाटों को ओबीसी में आरक्षण देने का वादा किया तो 2003 में भाजपा को पहली बार 200 में 120 सीटें मिली, अन्यथा राजस्थान में भाजपा को कभी 95 सीटें भी नहीं मिली थीं। राजस्थान में जाट समुदाय को परंपरागत रूप से कांग्रेस का वोट बैंक माना जाता था, लेकिन 2003 में जाट समुदाय ने खुलकर भाजपा का साथ दिया था।

# बीजेपी झुंझुनूं से करेगी मिशन 2023 का आगाज

**जयपुरः** राजस्थान में अगले साल होने वाले विधानसभा के चुनाव के लिए बीजेपी अभियान शुरू करने जा रही है। बीजेपी के इस अभियान की शुरूआत 13 नवंबर को झुंझुनूं में होने वाली वर्किंग कमेटी की बैठक से होगी। इसके लिए बीजेपी ने तैयारियां पूरी कर ली है। यूं तो वर्किंग कमेटी की बैठक हर साल होती है, लेकिन 13 नवंबर को होने वाली यह बैठक पूरी तरह चुनावी बैठक है। इसके बाद बीजेपी पूरी तरह चुनावी मोड में आ जाएगी।

**क्यों महत्वपूर्ण है ये बैठकः** बीजेपी की यह बैठक इसलिए



महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें बीजेपी अगले 4 महीनों की वर्किंग और चुनावी साल का प्लान अप्रूव करने जा रही है। बीजेपी में संगठन के स्तर पर इसे लेकर वर्किंग हो चुकी है। वर्किंग कमेटी की बैठक में आगे की तैयारियों को मंजूरी मिल जाएगी। साथ ही चुनावी तैयारियों के लिए जिम्मेदारियां भी तय हो जाएगी।

## ससुराल में फांसी लगाकर विवाहिता ने की खुदकुशी, मायकेवालों ने हत्या का लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव में शनिवार की दोपहर विवाहिता ने ससुराल में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इससे वहां कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची और तफ्तीश की। बाद में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया गया। मायकेवालों ने ससुरालियों पर उसे मौत के घाट उतारकर फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा भी किया। विवाहिता का पति इन दिनों मुंबई में है। पत्नी के मौत की खबर सुनकर वह वहां से गांव के लिए निकल गया था। मौके पर ग्रामीण भी भारी संख्या में जुट गए थे। उतरांव की रहने वाली ज्ञानवती (32) का विवाह तकरीबन 12 साल पहले सरायइनायत थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव निवासी राम बहादुर से हुआ था। पति रामबहादुर इन दिनों मुंबई कमाने गया है। पति से उसे दो बेटे सुरेंद्र और महेंद्र हैं। शनिवार की दोपहर में ज्ञानवती अपने कमरे में गई और रोशनदान में नायलान की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद उसका बड़ा बेटा सुरेंद्र घर आया और मां को खाना देने के लिए बुलाने लगा।कोई प्रतिक्रिया न होने पर वह कमरे में गया तो सन्न रह गया। मां ज्ञानवती फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। मां को फांसी पर लटका देख सुरेंद्र जोर जोर से रोने लगा। उसकी रोने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। इसी बीच ज्ञानवती की बगल में व्याही चचेरी बहन सीमा देवी ने फोन पर घटना की जानकारी मायकेवालों को दे दी।उतरांव से ज्ञानवती के पिता अमर बहादुर और मां उमराई देवी व कई अन्य लोगों यहां पहुंच गए। मायकेवालों ने ज्ञानवती के देवर और देवरानी पर उसकी हत्या कर फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर उन्हें शांत किया। ज्ञानवती के पिता अमर बहादुर ने बताया कि देवर अजय कुमार तथा देवरानी संगीता बेटी से आये दिन लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते थे। उनके दामाद को भाइयों ने पारिवारिक घर में हिस्सा

## साड़ के हमले में कोटेदार घायल

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शनिवार की शाम को टहलने निकला अधेड़ साड़ के हमले में बुरी तरह घायल हो गया लोग दौड़े तब अधेड़ की जान बच पाई। कटका लक्षीपुर निवासी रामनरेश भारतीय 50 शनिवार की शाम को रोज की तरह टहलने निकले थे। वह अंदामा चौराहे के समीप पहुंचे थे कि अचानक पीछे से सांड ने उनपर हमला कर दिया हमले में गंभीर रूप से रामनरेश घायल हो गए और वही गिर गए राहगीरों ने सांड को जैसे तैसे भगाया रामनरेश के सीने में चोट आई है और वह मलावा गांव के कोटेदार हैं रामनरेश को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मेवालाल के सिर पर चोट लगने से हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** आवास विकास योजना 3 के सेक्टर 10 निवासी मेवालाल के सर में चोट लगने से मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला की सर पर लगी चोट जनलेवा साबित हुई। मामले में पुलिस छानबीन कर रही है कि मेवालाल को किन परिस्थिति में सर में चोट लगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार कार्यवाही की जायेगी।

मूलतः वाराणसी के रहने वाले मेवालाल झूंसी के आवास विकास योजना 3 के सेक्टर 10 में परिवार के साथ रहते थे। शुक्रवार की शाम मेवा लाल 56 की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। मेवा लाल की हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था। हालांकि मेवा लाल की पत्नी कृष्णा देवी व बेटा पीएम नही कर चाह रहे थे पर मामला संदिग्ध होने की वजह से पुलिस ने परिजनों की एक नहीं सुनी। पुलिस जांच कर रही है कि मेवालाल को किन परिस्थितियो में सर में चोट लगी। वह गिर गए या किसी ने उन्हें मारा था।

## महर्षि विद्या मन्दिर नैनी सम्पन्न हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** महर्षि शिक्षा संस्थान पढ़ाई के साथ-साथ बहुमुखी विकास के लिए अनेकानेक शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं छिपी प्रतिभाओं को बहार निकालने का अवसर प्रदान करती है । हर वर्ष महर्षि ओलम्पियाड परीक्षा, महर्षि क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव, खेल प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम हर वर्ष महर्षि शिक्षण संस्थान मे कराने का प्रावधान है । इसी तारतम्य में आयोजित महर्षि क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## डेंगू बचाव के लिए कराया गया एंटी लारवा का छिड़काव

**अखंड भारत संदेश**

**झुंसी।** एसडीएम फूलपुर के निर्देशन में क्षेत्र में बढ़ते डेंगू के डंक को नियंत्रित करने के लिए शनिवार को नगर निगम की टीम द्वारा एंटी लार्वा का छिड़काव के साथ फॉगिंग कराई। इस दौरान कुछ लोगो का कहना है कि जिस एरिया में डेंगू के मरीज मिल रहे है वहीं फागिंग कराई जा रही है। बाकि मुहल्लों को छोड़ दिया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार मिल रहे डेंगू के मरीज को देखते हुए शनिवार को जोनल अधिकारी मदन गोपाल के नेतृत्व में नगर निगम की टीम में झुंसी के आवास विकास योजना 2



वाह अनवर मार्केट के अगल-बगल अनवर मार्केट में एंटी लारवा के छिड़काव के साथ फॉगिंग कराई साथ ही जोनल ने नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने व रुके हुए पानी के निकासी कराने के लिए सफाई कर्मियों को निर्देश दिए। नगर वासियों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि वार्ड में जहां कहीं भी पानी एकत्र हो उसकी सूचना दें साथ ही अपने घर के छतों, कूलर या किसी भी बर्तन में पानी इकट्ठा न होने दें। प्रतिदिन एंटी लार्वा, विशेष साफ सफाई कराया जा रहा है। इसके अलावा फॉगिंग का कार्य भी हो रहा है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत छात्र छात्राओं को किया जागरूक

**जारी/ प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी चौकी क्षेत्र अंतर्गत जवाहर इंटर कालेज तथा कृषक इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं को यातायात/सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। और विद्यालय परिसर में उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया गया कि सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशा व शराब पीकर वाहन न चलाने, उचित दूरी बनाकर चलने, जेब्रा क्रासिग पर वाहन की गति धीमी करने व पैदल यात्रियों को चलने का अवसर देने, सड़कों पर लगे यातायात संबंधी निदेर्शों का पालन करने, दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट लगाने, वाहन तेज गति से न चलाने के लिए जागरूक किया गया।

## छेड़खानी मामले में अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही न होने से प्रधान परिवार संकट में 'एसएसपी से लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** सोने की नकली मूर्ति बेचकर लोगों के साथ ठगी करने व छेड़खानी में कथित गिरोह के सरगना के विरुद्ध बार-बार शिकायती पत्र देने के बावजूद भी पुलिसिया कार्यवाही ना होने से ग्राम प्रधान एवं उसका परिवार इन दिनों संकट में है मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रधान की पत्नी फूल कुमारी ने एसएसपी प्रयागराज को जरिए डाक शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है प्रकरण मेजा थाना क्षेत्र के मेडरा गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मेडारा गांव के वर्तमान प्रधान रामधारी उर्फ कल्लू विंद की पत्नी पीड़िता पीड़िता फूल कुमारी ने बीते 17 अक्टूबर को मेजा थाने में दी गई तहरीर में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वह अपने खेत में चारा काटने गई थी शाम करीब 6:00 बजे थे चारा का भोज बांध रही थी इसी बीच के गांव का ही रामू बिंद पुत्र रंगलाल जो सोने की नकली मूर्ति बेचने तथा लोगों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का सरगना है अपने दो अपने 2 साथी समर बहादुर पुत्र भिखारी लाल व रंग लाल पुत्र विश्वनाथ के साथ खेत में पहुंचा तथा उसके साथ अश्लील हरकत छेड़खानी करते हुए जोर जबरदस्ती करने लगा इतना ही नहीं तहरीर में प्रधान की पत्नी का यह भी आरोप है कि उसके विरोध करने तथा शोर मचाने पर उसके साथ गालियां व मारपीट भी की गई थी प्रकरण के संबंध में पीड़िता फूल कुमारी की बातों को सच माना जाए तो उसका कहना है कि शोर-शराबा होने की आवाज सुनकर उसके पति रामधारी उर्फ कल्लू बिंद एवं कई अन्य लोग पहुंचे तो आरोपियों ने उसके पति पर धारदार हथियार से हमला कर भाग निकले थे गौरतलब है कि घटना के पश्चात आनन-फानन में पीड़िता अपने पति के साथ मेजा थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दिया किंतु मेजा पुलिस द्वारा आज तक आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही ना किए जाने से जहां शातिर अपराधी रामू बिंद एवं उसके दोनों उपरोक्त साथियों का हौसला बुलंद है वही अपराधियों द्वारा बराबर उसके पति की हत्या करने की दी जा रही धमकियों से प्रधान परिवार संकट में है प्रकरण के संबंध में मेदरा गांव के वर्तमान स्त्र्शॅल्लि रामधारी बिंद का आरोप है कि उनके द्वारा बार-बार जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से मेजा पुलिस को तहरीर दीजा रही है लेकिन मामले में पुलिस गंभीर नहीं है बता दें कि ऐसे हालात में प्रधान की पत्नी फूल कुमारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी प्रयागराज सहित महिला आयोग तथा मानवाधिकार आयोग के अलावा पुलिसके अन्य उच्चाधिकारियों को जरिए डाक शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के साथ-साथ जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## महंगाई की मार से किसान व आम जनता त्रस्त - रेवती रमण

### गुरु नानक जयंती के टीवी उपलक्ष्य में आयोजित लंगर में पूर्व सांसद हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** केंद्र व प्रदेश की सरकार देश में महंगाई को स्थिर करने में नाकाम साबित हो रही हैं। लगातार बेतहाशा महंगाई की बढ़ती मार से देश का किसान, गरीब मजदूर एवं आम जनता परेशान है, किंतु पूंजीपतियों की सरकार सिर्फ पूंजीपतियों को ही बढ़ावा देने का काम कर रही है। यह बातें समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने कोरांव बाजार के गुरुद्वारा प्रांगण में गुरु नानक जयंती के उपलक्ष में आयोजित लंगर एवं गरीब असहाय अनाथ बच्चों को निशुल्क वस्त्र वितरण समारोह को



संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही।

पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह ने कहा कि प्रदेश में हत्या लूट छिनैती की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भाजपा जीरो टॉलरेंस नीति का दावा करती है किंतु यह दावा भी खोखला साबित हो रहा है। सांसद ने कहा कि गरीबों को 5 किलो निशुल्क का अनाज देकर उनके हक स्वाभिमान की सुरक्षा नहीं कर रहे हैं। गुरुद्वारा सभा कोरांव के तत्वावधान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने मौजूदा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपने वादे पर खरी नहीं उतर रही है। जिससे देश का गरीब किसान अपने आप को छला हुआ महसूस कर रहा है। पूर्व सांसद ने गुरुद्वारा सभा की ओर से सैकड़ों गरीब अनाथ असहाय बच्चों को निशुल्क वस्त्र का भी वितरण किया। गुरुद्वारा प्रांगण पर आयोजित लंगर कार्यक्रम में शामिल होने के बाद समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कुंवर रेवती रमण सिंह सेमरिहा गांव के ग्राम प्रधान मोहम्मद आजाद के यहां पहुंचकर पार्टी कार्यकताओं से बातचीत कर पार्टी की नीतियों व नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। गुरु नानक देव जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रकाश पर्व समारोह की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त प्रवक्ता वीरेंद्र प्रताप सिंह व संचालन त्रिलोक सिंह खनूजा ने किया। गुरुद्वारा प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से त्रिलोक सिंह खनूजा, सरदार निरंजन सिंह, अमरीक सिंह, ललन सिंह, समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद मिश्र पयासी, पवन सोनकर समेत भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी व गुरुद्वारा सभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्लू हाउस ने जीती वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** अंदावा स्थित न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के तत्वाधान में पांच दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे ब्लू हाउस की टीम विजय रही।

शुक्रवार को खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमे खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्सा खीच, एवं ट्रैक एंड फील्ड जैसी अन्य प्रतियोगिताए आयोजित हुई। वार्षिक खेलोत्सव में ब्लू हाउस ने जीत का परचम लहराया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर रोमिला रस्तोगी, रुझान रस्तोगी, प्रधानाचार्य पूजा सिंह, विकास पुराणिक, आरती शुक्ला, तौसीफ इकबाल, रोहित शेखर एवं सभी शिक्षकगण मौजूद रहे। इस अवसर पर डायरेक्टर



रोमिला रस्तोगी ने विजेता टीम (ब्लू हाउस) के छात्रों एवं छात्राओं को ट्राफी एवं केक देकर सम्मानित किया।



## राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने किया हित चिंतक महाअभियान का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** विश्व हिंदू परिषद (काशी प्रांत) के बैनर तले छह नवंबर से हितचिंतक महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 20 नवंबर तक अनवरत चलेगा। शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अमित पाठक के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात की। इस दौरान राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने हित चिंतक अभियान का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। राजा साहब ने विहिप के इस कार्य की सराहना की।

अमित पाठक ने बताया कि विहिप की स्थापना 1964 में हुई थी। तभी से विहिप हिंदू समाज, देश, राष्ट्र के हित में कार्य करता आ रहा है।हिंदू समाज संगठित होकर खड़ा हो सके, इसके लिए नियमित प्रयास जारी है। इसी क्रम में सामाजिक समरसता, धर्मप्रसार, गोरक्षा, वेद विद्यालय, मठ मंदिर, संस्कृत रक्षा, राष्ट्र रक्षा, सेवा, गऊशाला, छात्रावास, संस्कार केंद्र आदि के जरिए हिंदू समाज को संगठित होने का कार्य किया जा रहा है।उक्त अभियान में हिंदू समाजकी भागीदारी को बढ़ाने के लिए हित चिंतक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 20 नवंबर तक अनवरत चलेगा। इस मौके पर यमुनापार उपाध्यक्ष मनोज, हिंदू परिषद गौ रक्षा मंटू महाराज, धर्मेंद्र, प्रमोद, राम सिंह कबीर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस कोरांव मे तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी सुनी फरियाद

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** शनिवार को थाना कोरांव में आयोजित समाधान दिवस में आई चार शिकायतों में एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। खजुरी खुर्द में सुखलाल विश्वकर्मा के पुश्तैनी मकान पर बगल का ही दबंग पड़ोसी निर्माण कार्य नहीं होने दे रहा है। जिसकी शिकायत पर क्षेत्राधिकारी मेजा विमल किशोर मिश्रा ने कहा कि यह पहली बार मामला संज्ञान में आया है। दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई कराते हुए न्याय दिलाया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि 50 वर्ष पूर्व बना पुराना कच्चा मकान



गत वर्ष बारिश में ढह गया था। जिसके स्थान पर पत्रकार सुखलाल विश्वकर्मा के द्वारा पुनः निर्माण कार्य किया जा रहा है किंतु बगल का ही पड़ोसी निर्माण कार्य में लगातार व्यवधान डाल रहा है पत्रकार सुख लाल विश्वकर्मा की माता राजकली के नाम से प्रधानमंत्री आवास भी वर्षभर से स्वीकृत है, पुश्तैनी मकान के स्थान पर प्रधानमंत्री आवास भी नहीं बनने दिया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी मेजा ने कहा कि कुछ अराजक तत्व भी मकान निर्माण कार्य में व्यवधान डाल रहे हैं। जिनको चिन्हित किया जा रहा है। उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जाएगा। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने क्षेत्राधिकारी मेजा को पत्रकार सुख लाल विश्वकर्मा के पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए बताया कि जो अन्य लोग मामले में हस्तक्षेप कर रहे हैं उनके विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं जिनकी हिस्ट्री शीट तैयार कराई जा रही है उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जल्द ही जेल भेज दिया जाएगा। इसी प्रकार तराव गांव की रहने वाली उर्मिला देवी पुत्री गंगेश्वर प्रसाद की शिकायत पर मौके पर राजस्व टीम व पुलिस बल भेजकर स्थलीय निरीक्षण कराया गया। विवादित भूखंड पर धान की फसल बोई पाई गई जिस पर दोनों पक्षों के मध्य समझौता हुआ कि धान की फसल कटने के बाद नाप पैमाइश व सीमांकन कराते हुए मामले का निस्तारण करा दिया जाएगा। थाना समाधान दिवस में तहसीलदार अनिल वर्मा, क्षेत्राधिकारी विमल किशोर मिश्र, थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए राजस्व टीम एवं पुलिस बल को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। क्षेत्राधिकारी मेजा ने कहा कि जिन मामलों में पुलिस बल की आवश्यकता राजस्व टीम को पड़े उनमें तत्काल पुलिस बल लेकर मामले का निस्तारण कराएं जिससे एक ही शिकायतें बार-बार न हो सके।

## शुआट्स के बायोटेक संस्थान में फ्रेशर एवं फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइंजीनियरिंग, सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज में गुरुवार को नए प्रवेशित छात्रों का स्वागत करने और निवर्तमान छात्रों को विदाई देने के लिए संयुक्त रूप से ह्लआगाजह्व और ह्लफुटप्रिंटह्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पादरी लालचुंगनुंग गंगटे (विश्वविद्यालय सहायक चप्लैन, शुआट्स) की प्रार्थना के साथ हुई। रंगारंग शाम, गायन, नृत्य, कविता पाठ, रैंप वॉक आदि कार्यक्रमों से भरी रही। स्नातक छात्रों श्री हरम्ब पांडे और मिस अदीना तंगम जॉर्ज को मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर



चुना गया। मिस्टर अंकिता झा और मिस जैश को क्रमशः मिस्टर इवनिंग और मिस इवनिंग का खिताब दिया गया। स्नातकोत्तर छात्रों श्री मृत्युंजय अमन और मिस सृष्टि सिंह ने क्रमशः मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल का खिताब हासिल किया। मिस प्रियंका को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रो. (डॉ.) जोनाथन ए. लाल (प्रो-वाइस चांसलर, अकादमिक मामलों और डीन, जेआईबीबी) के संरक्षण में और सलाहकार समिति (प्रो. (डॉ.) वीरू प्रकाश (एसोसिएट डीन-प्रशासन, जेआईबीबी), प्रो. (डॉ.) रुबीना लॉरेंस (एसोसिएट डीन-एकेडमिक्स, जेआईबीबी), प्रो. (डॉ.) राजीव कांत (प्रमुख, सीबीबीआई) और डॉ. प्रगति शुक्ला, प्रमुख, सीटीसीटी), निगरानी समिति (प्रो. (डॉ.) जॉर्ज थॉमस, प्रो. (डॉ.) कपिल लॉरेंस, प्रो. (डॉ.) आलोक मिल्टन लाल), कोर कमेटी (डॉ. जिष्णु नस्कर, डॉ. प्रशांत ए. जैन, डॉ. अखिलेश बिंद और श्रीमती. जेन. सी. बेंजामिन) और कार्य समिति (डॉ. एबेनेजर जयकुमार, डॉ हैरिसन मसीह, डॉ रीना लॉरेंस, डॉ. ओपी वर्मा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव आदि) की देखरेख में किया गया। डॉ. अभिलाषा जे. लाल (निदेशक, एचआरएम और संबंध निदेशालय), डॉ दीपक लाल (डीन, पीजी स्टडीज), डॉ. बिस्वरूप मेहरा (डीन, एनएआई), प्रो. (डॉ.) जॉन डेविड (डीन, डब्ल्यू.सी.डी.टी.), डॉ. स्टीफन दास (डीन, जे.एस.बी.एस.), प्रो. (डॉ.) जहांआरा (डीन, सी.एस.एच.एस.एस.), प्रो. (डॉ.) एम. मैरियन मैथ्यू (डीन, ए.एस.ई.) भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



## दो दिवसीय छात्राओं हेतु निःशस्त्र आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** श्री बलराम सिंह महाविद्यालय, मलाक मोनिउद्दीन, उपहार, कौशांबी के बी० एड० तथा डी0 एल0एड0 के महिला प्रशिक्षुओं के लिए दो दिवसीय निःशस्त्र आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 09 एवं 10 नवम्बर 2022 को सिटीजन गर्ल्स कॉलेज, नैनी, प्रयागराज में किया गया। जिसकी प्रेरणास्त्रोत मनसा सिंह जी (अध्यक्षा, बलराम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स) हैं। यह प्रशिक्षण कार्यशाला रेड ब्रिगेड संस्था, लखनऊ की ऊषा विश्वकर्मा तथा उनके संस्था के प्रशिक्षित सदस्यों (लक्ष्मी विश्वकर्मा, मानसी सिंह, अनुपमा विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा तथा शिवम् यादव) द्वारा सम्पन्न करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती उमा सिंह जी (प्रबन्धिका बलराम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स) उपस्थित रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला प्रशिक्षुओं को विभिन्न सामाजिक कुरूतियों जैसे कन्या भ्रूण हत्या, बाल एंव यौन शोषण, बलात्कार, मानसिक शोषण के प्रति जागरुकता प्रदान की गयी तथा तत्काल निःशस्त्र आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया गया। उप प्राचार्या उमा लता पटेल, (शिक्षिकाएं) अनुराधा अरोरा, डॉ0 अंजुला तिवारी, अंजना गौड़, अंजली सैमयुल, शालिनी बसेंदिया तथा अमित कुमार गोस्वामी व सचिन श्रीवास्तव के सहयोग से कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ।

## ग्रामपंचायत रामनगर पंचायत भवन पर निशुल्क मेडिकल कैंम्प का आयोजन किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/ प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा ग्रामपंचायत रामनगर में पंचायत भवन पर यूनाइटेड मेडिसिटी के द्वारा निशुल्क मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें ग्रामपंचायत रामनगर के सैकड़ों से अधिक की संख्या में लोगो ने आकर अपना ब्लड शुगर, वीपी, एवं वजन और अन्य जांच कराकर निशुल्क दवा प्राप्त किया। और साथ ही साथ चिकित्सकों द्वारा हेल्थ के प्रति परामर्श भी प्राप्त किया। और मेडिकल कैंम्प में डॉक्टर आशीष द्विवेदी , डॉक्टर चितवन और नर्सिंग स्टाप की टीम दिव्या सिंह, रूपा देवी, नरेंद्र द्विवेदी, फार्मासिस्ट कृष्णा मौर्या और मुख्य रूप से ग्रामप्रधान रामनगर प्रतिनिधि नीरज सिह यादव, विजय राज सिंह यादव, फूल चन्द्र यादव, राजेश पाल, रामजी पटेल, दिलीप मिश्रा, वीके पाल, ईश्वर चंद्र धनगर, अंकित, अखिलेश शुक्ला, विशम्भर नाथ, संजय केशरी, इमाम अली, योगेंद्र नरायण शर्मा और भारी संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे।

# युवा और महिला शक्ति से विश्व गुरु बनेगा भारत, नारी शक्ति में कर्म, भक्ति और ज्ञान योग का समन्वय

### बनाना होगा स्पर्धा का वातावरण

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि स्कूल में आना, सीखना, पढ़ाना और चले जाना शिक्षा नहीं है। विद्यार्थियों के लिए स्पर्धा का वातावरण तैयार करना होगा। बच्चों में टैलेंट होता है, लेकिन हम उन्हें पहचान नहीं पाते। विद्या भारती संस्थान यह काम कर रहा है।

### नदियों के सूखने पर राज्यपाल ने जताई चिंता

राज्यपाल ने प्रयागराजवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि तीन नदियों के संगम पर रहते हैं, लेकिन यह चिंताजनक हैं कि नदियां तेजी से सूख रहीं हैं। उन्होंने बच्चों को जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कहा कि जितना पानी पीना हो, ग्लास में उतना ही लें। जरूरत पड़ने पर पानी दोबारा लें, लेकिन उसे बर्बाद न करें। थाली में भोजन भी न छोड़ें। देश में लाखों ऐसे परिवार हैं, जिन्हें दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं है।

### इतिहास को सुधारने का काम कर रहा विद्या भारती

पूर्व में इतिहास को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान अब इसे सुधारने का काम कर रहा है, ताकि बच्चों और युवाओं को देश के संस्कार और संस्कृति से परिचित कराया जा सके। यह बात संस्थान के अध्यक्ष डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी ने ज्वाला देवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में कही। उन्होंने बताया कि संस्थान देश में सांस्कृतिक अनुष्ठान का वैचारिक अभियान चला रहा है। संस्कृति बोध परियोजना उसका एक महत्वपूर्ण साधन है, जिसमें कोरोना काल से पूर्व प्रतिवर्ष 22 लाख से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक प्रतिभाग करते रहे हैं। विद्या भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री यतींद्र ने कहा कि विद्या भारती की ओर से शिक्षित किए गए छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों में बड़ी भूमिकाएं निभा रहें हैं।







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** युवा और महिला शक्ति से भारत विश्व गुरु बनेगा। देश को आगे ले जाना है और सशक्त बनाना है। इस दिशा में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान तेजी से कार्य कर रहा है। यह बात राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शनिवार को विद्या भारती की ओर से ज्वाला देवी विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में कही।

राज्यपाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को आजादी का इतिहास बताने की जरूरत है। इसके लिए एक ड्रामा तैयार किया जाना चाहिए और इसके माध्यम से युवाओं को बताना चाहिए कि आजादी के नायक कौन रहे और देश के लिए उन्होंने किस तरह से अपनी शहादत दी।

राज्यपाल ने युवाओं के साथ महिलाओं को भी देश की प्रगति का महत्वपूर्ण अंग बताया।उन्होंने कहा कि महिलाओं में कर्मयोग, भक्तियोग एवं ज्ञानयोग तीनों पाया जाता है और इन तीनों के समन्वय से घर चलता है। विद्या भारती में भी ज्यादातर टीचर्स महिलाएं हैं और यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि विद्या भारती की सफलता के पीछे भी महिलाएं हैं। एक वक्त था, जब महलाओं के प्रति हमारी सोच बहुत ही सीमित थी, उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया जाता था, पति पीटता था, सम्मान नहीं मिलता था।

यह सोच धीमे-धीमे बदल रही है। भारत सरकार ने स्वयं सहायता समूह बनवाए। जिन महिलाओं को घर से बाहर नहीं जाने दिया जाता था, वे अब अपना रोजगार और परिवार चला रहीं हैं। किसी भी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में चले जाएं। गोल्ड मेडल पाने वालों में 60 से 70 फीसदी बेटियां होती हैं। यही बदलाव भारत को तेजी से आगे ले जा रहा है।



## एक्शन में बारा पुलिस, बिना हेलमेट, तीन सवारी व नम्बर प्लेट पर भी हुआ चालान

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** यातायात माह एक नवम्बर से ही शुरू हो गया है।इसे लेकर बारा पुलिस एक्शन में आ गई।बिना हेलमेट दौड़ रहे बाइक सवारों पर शिकंजा कसा गया, चेतावनी देते हुए चालान भी काटा गया और जागरूकता पैदा की गई। बता दें कि बारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में बारा पुलिस ने बिना हेलमेट पहने, बाइक पर तीन सवारियों व खराब नम्बर प्लेट लगे वाहनों का भी चालान किया गया और यातायात नियमों के बारे में जानकारी भी दी गई। थाना क्षेत्र के उमापुर टोलप्लाजा के समीप थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा, सह प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सचान,उपनिरीक्षक कौशलेंद्र सिंह ने अपने हमराहियों के साथ वाहन चालकों को रोककर उन्हें यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया। कानों में लीड लगाकर चलने वालों व बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि आप लोगों की प्रेरणा एवं सतर्कता से ही हादसे रुकेंगे और दूसरों को प्रेरणा भी मिलेगी। कार चालकों को भी सीट बेल्ट लगाकर ही गाड़ी चलाने का पाठ पढ़ाया गया।

## मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीण बेहाल,जिम्मेदार मौन,समाधान कब तक

**बारा।** बारा तहसील के जसरा विकासखंड के कई गाँवों जैसे-सेहुंडा बारा,पिपरांव,मोजरा, चामू, असरवई, टिकरी, पांडर, धरा, छीड़ी सहित कई गाँवों के लोग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं।प्रत्येक गाँव में चारों ओर गंदगी का अम्बार लगा हुआ है मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर प्रधानों ने बताया कि अभी तक शासन-प्रशासन से फॉगिंग कराने व दवा छिड़काव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि बढ़ते मच्छरों से डेंगू बुखार से गरीब परिवार बेहाल हैं।बुखार आने पर डॉक्टर को दिखाने पर अपने सेटिंग वाले पैथोलॉजी सेंटर में डॉक्टर द्वारा भेजा जाता है और कुछ भी न जानने वाले पैथालाजिस्ट डेंगू बुखार बताकर जाँच करने के नाम पर एक हजार रुपये, फिर सम्बन्धित चिकित्सक बीमार ग्रामीण का दस से बीस हजार रुपये का बिल बनाते हैं। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों की कमर टूटी जा रही है लेकिन सम्बन्धित विभागों के अधिकारी, तहसील के अधिकारी भी चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा इस ओर कड़े कदम नहीं उठाए गए तो सम्बन्धित चिकित्सकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जायेगा और ग्रामीणों द्वारा आमरण अनशन शुरू किया जायेगा।

## बस ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार गंभीर

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा रोड।** शनिवार दोपहर मेजारोड से प्रयागराज की तरफ जा रही निजी सवारी बस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से चुटहिल हो गया, जिसे इलाकाई पुलिस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी मेजा भेजा गया ।इलाकाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत भटौती कोना निवासी बृजवासी पाठक किसी कार्य से मेजारोड चौराहे पर बाइक से आए हुए थे। जैसे ही वह पटेल चौराहे पर पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही सवारी बस की चपेट में आ गए, जिससे उनकी बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और सवार गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे चौकी इंचार्ज मेजारोड राम भवन वर्मा बस को कब्जे में लेते हुए चुटहिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा इलाज के लिए भेज दिया।

## सनसनीखेज हत्याकांड में एक माह बाद दर्ज हुआ मुकदमा

### हत्यारों ने काट दिया था प्राइवेट पार्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ईंट भट्ठा मजदूर की प्राइवेट पार्ट काटकर हत्या के मामले में घटना के एक माह बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए बदमाशों ने सड़क पर शव फेंक दिया था। बीते छह अक्तूबर को जनपद मिजार्पुर के थाना जिगिना गांव रामपुर हंसवार निवासी ईंट भट्ठा मजदूर अनिल कुमार गौतम (30) का शव मांडा थाना क्षेत्र के हेमपुर में सड़क पर मिला था। मृतक के कमर से जांघ तक गंभीर चोट के निशान थे। हत्या को दुर्घटना साबित करने के लिए हत्यारों ने शव को सड़क पर फेंक दिया था और शराब की बोतल रख दी थी। जिससे पुलिस व परिजनों को गुमराह किया जा सके।पुलिस ने दुर्घटना का मुकदमा दर्जकर शव का पोस्टमार्टम कराया था। पीएम रिर्पोट में चौकाने वाले तथ्य प्रकाश में आए। मृतक के शरीर मे एल्कोहल नहीं पाया गया। घटना के दूसरे दिन पहुंची फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर खून के निशान नहीं मिले। दर्जनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन हत्या की गुत्थी सुलझाने में नाकाम रही। इसी मामले में शनिवार को मृतक के भाई राकेश कुमार गौतम की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

## छेड़खानी का विरोध करने पर महिला पर चापड़ से हमला

### मुकदमा वापस लेने का बना रहे थे दबाव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** शहर के शिवकुटी मुहल्ले में एक महिला पर चापड़ से जानलेवा हमला कर दिया गया। गंभीर हालत में उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) में भर्ती कराया गया है। मुहल्ले के ही चार लोगों पर हमले का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

शिवकुटी मुहल्ले की रहने वाली एक महिला पर मुहल्ले के ही कुछ युवकों ने चापड़ से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोरगुल सुनकर आरोपी भाग खड़े हुए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे एसआरएन में भर्ती कराया। महिला ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि मुहल्ले के ही चार लोगों के खिलाफ उसने कुछ समय पहले छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा वापस लेने के लिए आरोपी उस पर हमेशा दबाव डाल रहे थे। ऐसा न करने पर उसके ऊपर जानलेवा हमला किया गया है।

### स्कूल वाहन में लगी आग, अफरा तफरी

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के बगई कला स्थित शांति महाविद्यालय की स्कूल वाहन टाटा विंगर शुक्रवार को सायंकाल विद्यालय के छात्रों को छोड़कर वापस विद्यालय के प्रांगण में खड़ी हो गई। जिसमें इंजन से धुआं निकल रहा था धूऐं को देखने के लिए चालक वाहन को खड़ी कर देखने लगा तभी अचानक स्कूल वाहन में भीषण आग इंजन में लग गई। जिसको देखकर स्कूल कर्मचारियों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। आग बुझाने के लिए कर्मचारियों ने हैंडपंप का सहारा लिया बिजली न होने के कारण आग बुझाने में काफी समय लग गया जिसके कारण स्कूलों वाहन लगभग पूरी तरह से जल गई। फिलहाल बड़ी घटना होते होते बची कोई हताहत नहीं हुआ।

## जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के तत्वधान में जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10:00 बजे माननीय जनपद न्यायधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद माननीय संतोष राय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 145379 वादों का किया गया निस्तारण।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 145379 वादों का निस्तारण किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश इलाहाबाद के द्वारा 09 सिविल वाद निस्तारित किए गए। फौजदारी के कुल 3629 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय, श्रीमती निशा सिंह, श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती मिताली गोविंद राय व प्रदीप कुमार के द्वारा कुल 40 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी सुनील कुमार पंचम व श्री बुद्धि सागर मिश्रा के द्वारा 113 वादों का निस्तारण किया गया।

विकास श्रीवास्तव अपर जनपद न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट के द्वारा विद्युत के 105 मामलों का निस्तारण किया गया। हरेंद्र नाथ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 514 वाद, रेलवे मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज के द्वारा 1113 वाद, नवनीत सिंह एसीजेएम 4 के द्वारा 726 वाद, श्रीमती जया प्रियदर्शिनी वर्चुअल कोर्ट ट्रैफिक के द्वारा कुल 8725 प्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालयों के द्वारा कुल 101035 वादों का निस्तारण किया गया, बैंक के प्री लिटिगेशन के 1974 मामले निस्तारित किए गए। श्रीमती निशा झा नोडल अधिकारी/एडीजे लोक अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह जानकारी डॉक्टर लकी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के द्वारा दी गई।

## भाजपा किसान मोर्चा का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा गंगापार का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को 4 सत्रों में कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा गंगापार जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी, क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल, जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, क्षेत्रीय महामंत्री काशी क्षेत्र संतोष पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, महामंत्री गंगा पार जीत लाल त्रिपाठी एवं किसान मोर्चा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष बालकृष्ण पांडे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं पदाधिकारियों के बीच अपने अपने विचार रखते हुए संबोधित किया। समापन सत्र में सांसद फूलपुर केसरी देवी पटेल उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल योजना की सराहना करते हुए भाजपा किसान मोर्चा गंगापार के कार्यकताओं को संबोधित किया। इस मौके पर गंगापार के सभी 25 मंडलों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**आवश्यकता है**

**एस.आर. सिंह. आर.बी. सिंह महाविद्यालय मोतिहॉ, हण्डिया प्रयागराज**

**बी0एड0 संकाय सहायक आचार्य हेतु**

(1) शिक्षा के परिपेक्ष्य- 03 पद

(2) शिक्षण विषय- गणित-01 पद, विज्ञान-01 पद, भाषा-01 पद

(3) स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा - 01 पद

(4) ललित कला - 01 पद

(5) निष्पादन कला (संगीत, नृत्य, रंगमंच)- 01 पद

**परास्नातक स्तर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु**- हिन्दी - 01 पद

**परास्नातक स्तर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु**-समाज शास्त्र - 01 पद

**परास्नातक कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु**- प्रा0 भा0 इतिहास-01 पद

स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 हिन्दी साहित्य-01 पद

स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 गृह विज्ञान-01 पद

स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 समाज शास्त्र-01 पद

स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 शिक्षा शास्त्र-01 पद

**स्नातक स्तर- विज्ञान संकाय बी0एस0सी जन्तु विज्ञान - 01 पद**

**स्नातक स्तर- वाणिज्य संकाय बी0काम - 01 पद**

योग्यता एवं वेतनमान एन0सी0टी0ई/ राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन के 15 दिन के अन्दर।

**प्रबंधक**
**राम बहादुर सिंह**
**मो0 : 8853264243**

## एकाग्र चित्त होकर नित्य ध्यान, साधना, नाम स्मरण करना चाहिए- नित्यानंद महाराज

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई ।खेमपट्टी**, चंपापुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास नित्यानंद शुक्ल महाराज ने कथा प्रसंग में ध्रुवजी महाराज के वंश में राजा अंग, पृथु चरित्र, प्रियव्रत और जड़भरत, अजामिल एवं भक्त प्रहलाद, भगवान नरसिंह और हिरण्यकश्यप वध के प्रसंग का वर्णन किया। महाराज ने बताया कि आचार्य सतगुरु शुकदेव मुनि जी महाराज ने राजा परीक्षित जी को समझाया, परम पिता परमात्मा पूर्ण ब्रह्म परमेश्वर के प्रति अत्यंत श्रद्धा और भक्ति से एकाग्र चित्त होकर नित्य ध्यान, साधना, नाम स्मरण करना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य मात्र हमेशा दिनभर और जीवनभर शांत, प्रसन्न, संतुष्ट



रहना चाहता है। महाराज ने कहा कि हम सभी मृत्यु लोक में रहते हैं हम सब ने इस दुनिया से चलने की पूरी तैयारी रखनी चाहिए। मृत्यु याद दिलाती है, अमृत की खोज करो,जिसकी कभी मृत्यु नहीं होती है, उस अमर, नित्य, शाश्वत आत्मा को जानने का प्रयास करो।सभी प्रकार के दुखों से सदा सदा के लिए छुटकारा पाना है तो नित्य परमात्मा से प्रार्थना करते रहें अपनी आत्मा को प्रेम करना ही ध्यान है।शरीर तो किसी का भी रहने वाला नहीं है, लेकिन आत्मा तो सभी की सदा रहती है शरीर विनाशी है और आत्मा अविनाशी है।इस अवसर पर मुख्य यजमान कैलाशनाथ दुबे, दुर्गावती देवी, राजमनि दुबे, रामखेलावन दुबे, पारसनाथ दुबे, नन्हे लाल दुबे, राजेंद्र मिश्र, विनय कुमार दुबे, संजय कुमार दुबे, आनंद कुमार दुबे, हिमांशु, निखिल, उज्जवल, श्वेत, आनंद, निहाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## छात्रों ने रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डेंगू के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर चाका विकास खंड के मवैया कला गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानअध्यापिका विधु पांडेय ने विद्यालय के छात्रों संग शनिवार के दिन डेंगू के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखे बैनर तख्तियों के साथ रैली निकाली और कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी साफ सफाई और बचाव सहित डेंगू रोग के लक्षण को बताया।

और तत्काल जांच कर इलाज के लिए लोगों को जागरुक किया। नुक्कड़ नाटक में प्रमुख रूप से छात्रों में मानसी सिंह, अन्नू निषाद,



खुशबू पाल आदि रहे। विद्यालय के सहायक अध्यापिका इति शुक्ला, आकृति सिंह, छाया गुप्ता भी शमिल रही।

# छात्रों से भरा टैंपो कार से टकरा कर पलटा, दर्जन भर छात्र हुए घायल

## संगम चौराहे पर हुई घटना, पुलिस ने घायलों को पहुंचाया सीएचसी

### हादसे पर हादसे फिर भी लापरवाह बना प्रशासन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हादसे पर हादसे आए दिन हो रहे है फिर भी प्रशासन लापरवाह बना हुआ है।अभी दो अगस्त को छात्रों से भरा टैंपो हंडौर चैराहे पर पलट गया था। जिसमे लगभग एक दर्जन छात्र समेत सवारियां घायल हो गई थी।कुछ माह पहले वर्मा नगर व रानीगंज कैथौला स्थिति एक कॉन्वेंट स्कूल की मैजिक पलट गई थी जिसमे सवार कई बच्चे चुटाहिल हो गए थे। आए दिन हो रहे हादसे के बाद भी प्रशासन लापरवाही बरत रहा है।



कार से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त टेम्पो व कार।

### तीन की पासिंग पर ग्यारह सवार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रशासन को गैरजिम्मेदार कहा जाए या फिर वाहन चालकों को? एआरटीओ से तीन और पांच सवारी की पासिंग वाले टैंपो पर ग्यारह सवारियों की यात्रा करवाना भी कही न कही घटना का कारण बन जाता है। वही प्रशासन न तो क्षमता से अधिक सवारियों के बैठने पर और न ही उसके फिटनेस व बीमा पर नजर देता है।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को दोपहर बाद छात्रों से भरा टैंपो बाइक सवार को बचाने में सड़क के किनारे खड़ी कार से टकरा कर पलट गया। उस पर सवार एक दर्जन छात्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को सीएचसी पहुंचाया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर टेढुई स्थिति सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से दोपहर बाद पढ़ाई करके छात्र-छात्राएं एक टैंपो पर बैठकर लालगंज चैराहे की ओर आ रहे थे। टैंपो जैसे ही संगम चराहे पर पहुंचा की सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने में सड़क के किनारे खड़ी कार से टकरा कर अनियंत्रित होकर पलट गया। यह देखते हुए चैराहे पर हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। उस पर सवार छात्रों में रूबी (22) देऊ, सरिता सरोज (22) शिवगढ़, विद्या (22), अलीम (22) रेहुआ, अभिषेक केसरवानी (22) रानीगंज, पूजा सरोज (22), लक्ष्य सिंह (24) रानीगंज कैथौला, अंजली गौतम (24) आजाद नगर, रोशनी सरोज (22), सुषमा (22), कोमल पटेल (23) रानीगंज समेत लगभग एक दर्जन घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने घायलों का उपचार शुरू कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी छात्र व छात्राएं खतरे से बाहर हैं।

# भारत देश में मोटे अनाज की उपलब्धता हुई कमः प्रो0 मनीष

## पीबीपीजी कालेज में हुई विभागीय संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी के वनस्पति विज्ञान विभाग में विभागीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलभास्कर आश्रम प्रयागराज से आए प्रोफेसर मनीष कुमार ने संगोष्ठी के विषय मोटे अनाज की महत्ता के बारे में छात्र छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

प्रोफेसर श्रीवास्तव ने कहा कि भारत देश में हरित क्रांति के बाद मोटे अनाज की उपलब्धता कम हो गई और चावल गेहूं उत्पादन की कृषि में प्रधानता रही जिसके कारण लोग संतुलित भोजन में चावल गेहूं की मात्रा ज्यादा से ज्यादा लेने लगे और मोटे अनाज जो बाजरा का उपयोग न्यून मात्रा में होने लगा जिसके कारण लोग डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार होने लगे मोटे अनाजों में बाजरा में 7 प्रतिषत वसा पाया जाता है, जो मनुष्य के शरीर में पौष्टिकता प्रदान करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत देश कृषि प्रधान देश रहा है और प्राचीन काल में कृषि उत्पादन क्षमता तो कम थी लेकिन मोटे अनाज जो बाजरा, चना आदि का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता था और लोगों का यही मुख्य आहार था जिसके कारण लोगों को पौष्टिक भोजन आसानी से मिल जाता था और लोग निरोगी जीवन व्यतीत करते थे कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष वर्षा जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर ब्रह्मानंद प्रताप सिंह, डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, रांची सिंह, नन्हे मोर, दीपक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



कुलभास्कर आश्रम के प्रोफेसर को सम्मानित करते प्राचार्य।

### डेंगू से किशोरी की उपचार के दौरान मौत, घर में मचा कोहराम

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जनवामऊ के सीताराम पांडे का पुरवा में तीन दिनों से बुखार की चपेट में आने से उपचार के दौरान मासूम किशोरी की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। मालूम हो कि उक्त थाना क्षेत्र के सीएचसी कालाकांकर के अंतर्गत सीताराम पांडे का पुरवा जनवामऊ निवासी अरविंद सिंह उर्फ बबलू सिंह पुत्री काजल सिंह (12) वर्षीय गुरुवार को अचानक बुखार की चपेट में आ गई।

परिजन लोग कुंडा ले गए जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन लोग वीरेंद्र ट्रामा सेंटर प्रयागराज ले गए जहां बुखार के चलते प्लेट कम होने के कारण उपचार के दौरान शनिवार की सुबह मौत हो गई परिजनों ने बताया कि वह डेंगू की चपेट में आ गयी जिससे मौत हो गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है शव के घर पहुचने पर कोहराम मच गया गाँव मे सन्नाटा पसर गया। मृतक काजल दो बहन एक भाई थे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अभी तक मलेरिया व डेंगू जैसे खतरनाक बीमारी से बचाव के लिए अभी तक गाँव मे दवा कु फॉगिंग नही कराई गई जिससे मासूम किशोरी की डेंगू की चपेट में आने से मौत हो गई।

# आम की फसल को गुजिया एवं मिज कीट से बचाएंः जिला उद्यान अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने बताया है कि जनपद में आम की अच्छी उत्पादकता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि आम की फसल को सम-सामयिक हानिकारक कीटों से बचाने हेतु उचित समय पर प्रबन्धन किया जाये। माह नवम्बर एवं दिसम्बर अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

उन्होने बताया है कि गुजिया कीट के शिशु जमीन से निकल कर पेड़ों पर चढ़ते है और मुलायम पत्तियों, मंजरियों एवं फलों से रस चूसकर क्षति पहुँचाते है। इसके शिशु कीट 1-2 मिमी0 लम्बे एवं हल्के गुलाबी रंग के चपटे तथा मादा वयस्क कीट सफेद रंग के पंखहीन एवं चपटे होते है। इस कीट के

**किसानों को दी जानकारी**

नियंत्रण के लिये बागों की गहरी जुताई/गुड़ाई की जाये तथा शिशु कीट को पेड़ों पर चढ़ने से रोकने के लिये माह नवम्बर-दिसम्बर में आम के पेड़ के मुख्य तने पर भूमि से 50-60 सेमी0 की ऊचाई पर 400 गेज की पालीथीन शीट की 50 सेमी0 चैड़ी पट्टी को तने के चारो ओर लपेट कर ऊपर व नीचे सुतली से बांध कर पॉलीथीन शीट के ऊपरी व निचली हिस्से पर ग्रीस लगा देना चाहिये जिससे कीट पेड़ों पर ऊपर न चढ़ सके।

### पेंशनर्स की मासिक बैठक कल

**प्रतापगढ़।** सेवा निवृत कर्मचारी शिक्षक एव पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक 14 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से कोषागार कार्यालय के पेंशनर हाल में होगी। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय ने बताया कि बैठक में समस्याओं पर विचार विमर्ष किया जाएगा।

# पुरुष हॉकी टीम के लिये 18 खिलाड़ियों का हुआ चयन

## एमडीपीजी कालेज में टीम के खिलाड़ियों का हुआ ट्रायल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में शनिवार को प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों का ट्रायल किया गया। ट्रायल के उपरांत पुरुष हॉकी टीम चयनित की गई जबकि महिला टीम के खिलाड़ियों का अंतिम चयन अभी नहीं हो सका है।

विश्वविद्यालय द्वारा एमडी पीजी कॉलेज को महिला एवं पुरुष हॉकी टीम के चयन हेतु ट्रायल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसके क्रम में आज राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में पुरुष हॉकी टीम के चयन के लिए लगभग 16 महाविद्यालयों के खिलाड़ी इकट्ठा हुए। 70 छात्रों ने ट्रायल दिया जिनमें 18 खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय टीम के लिए चयनित किया गया। महिला टीम के खिलाड़ियों का चयन महाविद्यालय के मुख्य परिसर में किया गया, जिनमें 8 महाविद्यालयों की छात्राएं ट्रायल के लिए उपस्थित हुईं। टीम गठन के लिए हुए ट्रायल की निगरानी हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक डॉ धीरेंद्र चैहान राजकीय महाविद्यालय बिंदकी फतेहपुर के अलावा एमडीपीजी के क्रीडा अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनमलता राज, डॉ सी एन पांडे, डॉ मृदुल उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। अनवर हॉकी सोसाइटी के कोच खुर्शीद अली, मोहम्मद जसीम,जॉनी, शिवशंकर आदि ने ट्रायल में सहयोग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और ट्रायल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान प्राचार्य प्रो मिश्र ने कहा की खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के पर्याय हैं। इससे न केवल मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है बल्कि सामाजिक सौहार्द भी मजबूत बनता है। खिलाड़ियों को पूरे मनोयोग एवं खेल भावना से अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करना चाहिए। एमडीपीजी के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि आज चयनित एवं गठित पुरुष हॉकी टीम जालंधर में अंतर विश्वविद्यालयीय मैच खेलेगी जबकि महिला टीम अमृतसर में अपना मैच खेलेगी



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथिगण।

# प्रमोद तिवारी ने सौंपी लालगंज नगरीय क्षेत्र को करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात

## पार्क, विक्टोरिया लाईट समेत इण्टरलाकिंग आदि परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शनिवार को स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से लालगंज नगर पंचायत में लाखों की लागत से नव निर्मित आई लव लालगंज पार्क तथा नगर के अत्याधुनिक विद्युत प्रकाश व्यवस्था के तहत विक्टोरिया लाइट की भव्य समारोह में नगरवासियों को बडी सौगात सौपी।

वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कार्यक्रम स्थल से ही नगर पंचायत के नवनिर्मित कार्यालय भवन समेत विकास से जुड़ी अन्य विविध परियोजनाओं का भी एकमुश्त लोकार्पण किया। रंग बिरंगे फव्वारायुक्त खूबसूरत पार्क व आकर्षक विक्टोरिया लाइट की सौगात मिलने पर कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या मे नगरवासियों के चेहरे खिल उठे। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की मौजूदगी में प्रमोद तिवारी ने नेशनल हाइवे लखनऊ वाराणसी पर स्थित ट्रामा सेण्टर के सामने पार्क का लोकार्पण करते हुए कहा कि इस हरे भरे सुसज्जित पार्क के निर्मित हो जाने से लालगंज नगर में जनसुविधा तथा विकास का वातावरण भी सुदृढ़ होगा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना का मजबूत प्रयास है कि लालगंज को हर जरूरी प्रशासनिक सेवा का केंद्र बनाए जाने के साथ यहां शिक्षा तथा स्वास्थ्य एवं पेयजल व मार्गो का सुसज्जीकृत ढांचा इसे दूरगामी उज्वल विकास के केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। कार्यक्रम का संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सभासद करूणाशंकर द्विवेदी, सभासद सोनू शुक्ला, छोटेलाल सरोज, शैलेन्द्र मिश्र, विकास मिश्र आदि रहे।



पार्क का लोकार्पण करते सांसद प्रमोद तिवारी।

### थाना समाधान दिवस में आयीं ग्यारह शिकायतें, दो का निस्तारण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली में थाना समाधान दिवस का शनिवार को आयोजित किया गया। कोतवाल कमलेश पाल के संयोजन मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे ग्यारह फरियादियों ने शिकायतें दर्ज करायीं। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शिकायतों मे राजस्व से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र सर्वाधिक रहे। कोतवाल ने समस्याओं की सुनवाई करते हुए फरियादियों को त्वरित राय दिये जाने के लिए राजस्व व पुलिसकर्मियों को मिलकर काम करने की नसीहत दी। इस मौके पर राजेश कुमार, अनीस कुमार यादव, योगेन्द्र सिंह, शिशिर पटेल, केशव प्रसाद, प्रेमवीर सिंह, महेश चैधरी आदि मौजूद रहे।

# सब्जी का पैसा मांगने पर महिला की पिटाई में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सब्जी का पैसा मांगने पर महिला की पिटाई मे दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

लालगंज कोतवाली के जैनपुर निवासी गीता देवी कोरी पत्नी विजय कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव के पवन कुमार पुत्र शंभू नाथ व लक्ष्मण पुत्र गजराज ने बीती आठ नवंबर को शाम साढे सात बजे सब्जी का पैसा मांगने पर उसे जमकर मारापीटा। आरोपियो ने सब्जी की दुकान के पास रखे सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीडिता की शिकायत पर दोनों आरोपियो के खिलाफ मारपीट, जानलेवा धमकी व तोडफोड के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल कमलेश कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर आरोपियो के खिलाफ जांच की जा रही है।

### संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिये कन्ट्रोल रूम स्थापित

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आलेख्य प्रकाशन 09 नवम्बर को किया जा चुका है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 09 नवम्बर से 08 दिसम्बर 2022 तक दावें एवं आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय प्रतापगढ़ में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसका दूरभाष नम्बर 05342-297845 है। उन्होने समस्त जनसामान्य से अनुरोध किया है कि जिन व्यक्तियों की आयु 18 वर्ष हो गयी है या 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो यदि उनका नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है तो अपने मतदान केन्द्र या सम्बन्धित तहसील में खुले मतदाता पंजीकरण केन्द्र से सम्पर्क कर फार्म प्राप्त कर सम्पूर्ण विवरण भरकर पता आयु का प्रमाण पत्र संलग्न कर सम्बन्धित के पास आवेदन जमा कर सकते हैं।

# ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का हो समाधानः डीएम

## उल्लंघन करने वाले तत्वों के विरूद्ध हो विधिक कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बसंल ने समस्त उप जिलाधिकारियों से कहा है कि जनपद में विभिन्न माध्यमों से (जन सुनवाई, सम्पूर्ण समाधान दिवस, सम्पूर्ण थाना समाधान दिवए एवं अन्य) सरकारी भूमि/तालाब पर कब्जा, व्यक्तिगत भूमि विवाद सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हो रही है जिनमें से काफी शिकायतों का समय से निस्तारण न हो पाने के कारण शिकायतकताओं को बार-बार विभिन्न स्तर पर जाना पड़ता है। जन समस्याओं का ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण न कराये जाने के कारण समस्या यथावत बनी रहती है जिसके कारण जहां एक तरफ कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होता है वहीं दूसरी तरफ जनपद की छवि धूमिल होती है।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का सम्यक समाधान स्थानीय स्तर पर कराया जाना परम आवश्यक है जिस हेतु ग्राम पंचायत/राजस्व ग्राम स्तर पर चैपाल का आयोजन कर मौके पर ही उसी दिन समस्या का समाधान सुनिश्चित करायें। उन्होने निर्देशित किया है कि प्रत्येक माह तहसील स्तर पर 05 ऐसी ग्राम पंचायतों/राजस्व ग्रामों का चयन किया जाये जिनमें विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में सर्वाधिक शिकायती प्रार्थना पत्र समस्त स्त्रोतों से प्राप्त हो रहे है। उपजिलाधिकारी 05 ग्रामों का चयन कर उन ग्रामों में सुविधानुसार समय निर्धारित कर ग्राम स्तरीय समाधान दिवस के आयोजन हेतु अलग-अलग तिथि निर्धारित करते हुये राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों के तहसील/विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ समस्याओं को निस्तारित करायें। आयोजन हेतु निर्धारित तिथि के सम्बन्ध में ग्रामवासियों एवं विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को 03 दिवस पूर्व विधिवत सूचित किया जाये। भूमि विवाद एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की टीम गठित कर तत्काल मौके पर भेजते हुये समस्या का त्वरित निस्तारण कराया जाये। प्रकरणों का निस्तारण नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से जांच कर समस्त सुसंगत साक्ष्यों, वीडियोग्राफी एवं दोनो पक्षों की सहमति/हस्ताक्षर के साथ कराकर आख्या तैयार की जाये। धारा-24 एवं 41 की कार्यवाही उल्लंघन करने वाले तत्वों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुये उन्हें पाबन्द/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की जाये।

### निधन पर शोक जताया

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी की बैठक भंगवा चुंगी स्थित कृष्णा लाज में हुई, जिसमें ग्रुप के सहयोगी सोशल एक्टिविस्ट सतेंद्र गुप्ता की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। अश्वनी केसरवानी, राजकुमार मोदनवाल, वीके तिवारी, मोहम्मद अनीश, अनुज शुक्ला सहित कई साथियों ने शोक जताया है।

# खेल हमारे जीवन के लिये अति महत्वपूर्णः मोती सिंह

## ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर के समीप तरदहा में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने मौजूद लोगों को संबोधित किया। शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह का सबसे पहले पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया, उसके बाद दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती वंदना के बाद बैज लगाकर आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया गया। बीरपुर खुर्द की छात्राओं जान्हवी आंचल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। खेल का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह ने ध्वज फहराकर शुभारंभ किया। उसके बाद छात्र छात्राओं को सामूहिक गार्ड ऑफ ऑनर तथा पीटी कराई गई। लोगों को संबोधित करते हुए मोती सिंह ने कहा कि आज के समय में खेलों का महत्व हमारे जीवन में बहुत अधिक है। सभी को खेलों को बढ़ावा देना चाहिए। मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी पट्टी, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, पन्ना लाल यादव, अजय जायसवाल, संजय सिंह डीजे सर्वजीत दुबे बालमुकुंद ओझा सर्वेश कुमार मिश्रा श्री राम महेश पांडे ऐसे लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन सर्वेश मिश्रा ने किया।



पूर्व मंत्री मोती सिंह को सम्मानित करते आयोजकगण।

# प्राइवेट अस्पतालों में हो रहें अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच कराने के डीएम ने दिये निर्देश

## जिला अस्पताल में या आस-पास प्राइवेट एम्बुलेन्स खड़ी करने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही

### जलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, जिला टास्कफोर्स तथा संचारी रोग नियन्त्रण अभियान की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कहा कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के तहत किये जा रहें सभी गतिविधियों पर विशेष निगरानी करते रहें तथा सम्बन्धित ई0ओ0 एवं डी0पी0आर0ओ0 से समन्वय स्थापित कर साफ-सफाई, फागिंग एवं एन्टीलार्वा का छिड़काव रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों से डेंगू के केस आने की सूचना प्राप्त हो, वहॉ पर तत्काल स्वास्थ्य टीम पहुॅचकर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय।


स्वास्थ्य समिति की बैठक में बोलते डीएम साथ में बैठे सीएमओ व अन्य

जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आशाओं के साथ नियमित समीक्षा बैठक कर सभी कार्यों में तेजी से प्रगति लाया जाय। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान कहा कि कार्ययोजना बनाकर सभी बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाय, कोई भी बच्चा छूटने न पाये। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी लायी जाय। आर0सी0एच0 पोर्टल की समीक्षा के दौरान फीडिंग की प्रगति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए फीडिंग में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नवनिर्मित ट्रामा सेन्टर को भी संचालित कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला अस्पताल में या उसके आस-पास प्राइवेट एम्बुलेन्स खड़ी न होने पाये, खड़ी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। प्राइवेट अस्पतालों में अल्ट्रासाउण्ड की शिकायत प्राप्त होने पर उन्होने सभी प्राइवेट अस्पतालों में हो रहें अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं पोषण पुनर्वास केन्द्र आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं सी0एम0एस0 डॉ0 दीपक सेठ, डॉ0 हिन्द प्रकाशमणि सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# चकमार्ग के निर्माण में अराजक तत्वों के व्यवधान की शिकायत

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के काने मई ग्राम पंचायत में आराजी संख्या 677 वा 678 चक मार्ग और नाली की जमीन पर अराजकतत्वों ने कब्जा कर रखा था जिसकी शिकायत उप जिला अधिकारी सिराथू से ग्रामीणों ने की थी।

जिस पर एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल मौके पर पहुंचकर नाली और चक मार्ग की पैमाइश कर जमीन कब्जे से मुक्त करा दिया चकमार्ग पर निर्माण कार्य शुरू है अराजक तत्व चकमार्ग के निर्माण में व्यवधान डाल रहे हैं शिकायत कताओं ने बताया कि गांव के अमृतलाल और उनके परिजन चक मार्ग के निर्माण में लगे मनरेगा मजदूरों को गाली गलौज कर मारपीट की धमकी देते हैं निर्माण में व्यवधान की शिकायत फिर गांव के शिव प्रकाश प्रेमचंद शिव पूजन आदि लोगों ने उप जिलाधिकारी सिराथू से कर ब्यवधान डालने वालों पर कार्रवाई की मांग की है जिस पर उपजिलाधिकारी ने थाना पुलिस को निर्देशित करते हुए कहा है कि चक मार्ग का फिर से चिंहाँकरण करा लें और चक मार्ग के चिन्हित स्थान पर व्यवधान को रोके और निर्माण होने दें


चक मार्ग पर कब्जे की शिकायत करते ग्रामीण

### गोवंश तस्करी के चार आरोपियों के घरों पर प्रशासन की कुर्की की कार्यवाई से हड़कंप

**कौशाम्बी।** जिले में पुलिस और प्रशासन ने गोवंश तस्करों के घरों पर कुर्की की कार्यवाई की है, पुलिस ने मंझनपुर कोतवाली के नया नगर में शनिवार को चार घरों में कुर्की की कार्यवाई की है। पुलिस ने गोवंश तस्करी के आरोपी मोहम्मद जावेद उर्फ राजू पुत्र नवाब, शकील पुत्र शमीम अहमद, नईम उर्फ मामा पुत्र शाहीन और सनाउल्लाह पुत्र भुल्लन के घरों पर कुर्की की कार्यवाई की है। पुलिस ने इनके घरों को सील कर दिया।इन चारों अभियुक्तों के खिलाफ गोवंश की तस्करी करने के आरोप में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। इसी को लेकर शनिवार को मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कुर्की की कार्रवाई की गई।इस दौरान क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

# कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल भरवारी एवं भीटी में आयोजित हुआ शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी

## कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज नवीनतम शैक्षणिक प्रणाली से सुसज्जित कौशांबी जिले में शिक्षा के उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु मील का पत्थर साबित होगाः संजय गुप्ता पूर्व विधायक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी एवं कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भीटी में आज दिनांक 12 नवंबर दिन शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी एवं कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भीटी में नर्सरी के छात्र एवं छात्राओं के लिए एक बड़ा दिन था क्योंकि आज बच्चों के परीक्षा परिणाम का दिन था जिसे देखकर बच्चे बहुत खुश और रोमांचित दिखे कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना वंदना के साथ किया और आए हुए स्कूल के समस्त अभिभावकों का अभिवादन किया और शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी के माध्यम से अपने अभिभाषण में कहा कि शिक्षक समाज का आईना होता है और एक शिक्षित समाज की परिकल्पना केवल शिक्षक के द्वारा ही संभव होती है यदि छात्र एवं छात्राओं को सफल होना है सफलता केवल कठिन परिश्रम और समर्पण के माध्यम से ही प्राप्त हो सकती है सतत अभ्यास कठिन परिश्रम और समर्पण की भावना यदि किसी भी छात्र छात्रा के अंदर है सफलता उसके कदम चूमेगी श्री गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार पहाड़ों से टूटकर पत्थर जब नदियों में गिरता है और लगातार नदियों के प्रवाह से पत्थर शालिग्राम देवता के रूप में समाज में पूजा जाता है जो पत्थर हथौड़ी की मार सह लेता है वही पत्थर मंदिरों में पूजे जाते हैं अर्थात कहने का तात्पर्य है की सफलता के लिए सतत कठिन परिश्रम ही एकमात्र रास्ता है अभिभावक श्री गुप्ता के बातों को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुनते रहे और मनन करते रहे और उनकी बातें इतनी प्रेरणादायक रही कि सामने उपस्थित दर्शक दीर्घा में जो भी अभिभावक थे उनकी आंखों में अश्रु की धारा थी और सभी एक स्वर में कह रहे थे कि आपके इस प्रकार के प्रेरणादाई भाषणों से अगर कोई भी आपके विचारों को अपने जीवन में उतार लेगा निश्चित तौर पर वह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगा शिक्षा एक सेतु का कार्य करती है जोकि समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य करती है साथ ही साथ किसी भी देश की आर्थिक व्यवस्था सामाजिक व्यवस्था में इसकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है।


शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में उपस्थित पूर्व विधायक व अभिभावक गण

इस कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन बच्चों के जीवन में आने वाली पढ़ाई संबंधी समस्याओं को दूर करना है और शिक्षक और अभिभावकों के बीच में सामंजस्य बैठाने का काम है इसके माध्यम से कोई भी अगर प्रॉब्लम आती है समस्याएं आती है उसका निराकरण इसी के माध्यम से संभव हो सकता है कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा, प्रकाश सुशील त्रिपाठी दीपक खरवार ऋषि कपूर शाह, मधुबन पटेल, हैदर अब्बास रजत राम, प्रदीप कुशवाहा नारायण तिवारी, के के सिंह आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


ग्रामीण और छात्रों को यातायात के जानकारी देते कोतवाल

# स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को कोतवाल ने दी यातायात नियमों की जानकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** यातायात माह के दौरान प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर विनोद कुमार सिंह के द्वारा ग्राम वासियों एवं विद्यालय के बच्चों को इकट्ठा करके यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया इस दौरान उपस्थित ग्रामीण और स्कूली बच्चों को कोतवाल ने यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात के नियमों का पालन करने से स्वयं भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरे लोग भी सुरक्षित होंगे उन्होंने कहा कि दुर्घटना रोकना आवश्यक है और लापरवाही से दुर्घटना होती है इसलिए सड़क पर चलते समय लापरवाही ना करे उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कोतवाल ने स्वयं की एव जनमानस की सुरक्षा हेतु दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया इस दौरान उन्होंने यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क पर हमेशा बाएं चलें उन्होंने कहा कि सड़क पर नियम के विपरीत चलने से दुर्घटना बढ़ती है जिससे परिवार बिखर जाता है परिवार को बिखरने से बचाने के लिए यातायात के नियमों का पालन आवश्यक है तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु कोतवाल ने उपस्थित छात्र और ग्रामीणों को संकल्पित कराया

# समाधान दिवस कोखराज थाने में उपस्थित पुलिस और फरियादी

## 7 शिकायतों में एक शिकायत का समाधान दिवस में हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के मौके पर कोखराज थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया समाधान दिवस में 7 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिस पर एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया और छह अन्य शिकायतों को राजस्व और पुलिस की टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

समाधान दिवस के आयोजन के मौके पर दरोगा महेंद्र कुमार सिंह ने तमाम शिकायतों को सुना और क्षेत्र के अधीनस्थ लेखपालों को मौके पर जा कर विवादित भूमि व रास्तों पर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया मौके पर सात शिकायती पत्र में एक का निस्तारण किया गया बाकी अन्य मामलों में जाँच कर लेखपालों को कार्यवाही करने व विवाद निपटारा करने के लिए निर्देशित किया गया समाधान दिवस में फरियादियों के कम होने से सभी लेखपाल केवल समय समाप्त होने का इंतजार कर रहे थे जैसे ही दो बजे सभी लेखपाल अपने अपने क्षेत्र में चले गए मौके पर एस आई भोला यादव,जितेंद्र सिंह, लेखपाल रियाज अहमद,साधना सिंह,कुलदीप, दिलीप ,अमन सिंह,देवेंद्र सिंह, पवन राय, पूनम मौर्य,लोकनाथ पांडेय, ज्ञान पाल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।


समाधान दिवस कोखराज थाने में उपस्थित पुलिस और फरियादी।

# समाधान दिवस में पहुंचे सीओ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर आम जनमानस के शिकायतों को सुनने और उसके निस्तारण करने के लिए शनिवार के दिन क्षेत्राधिकारी मंझनपुर थाना करारी पहुँचे और आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर आये हुए लोगों की समस्याओं को उन्होंने सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को आदेशित किया गया।

# शांति भंग की आशंका में 20 आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले में कानून व्यवस्था का पालन कराने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले की विभिन्न थाना पुलिस द्वारा आशंका के आधार पर 20 आरोपियों पर निरोधात्मक की कार्यवाही कर उन्हें अदालत में पेश किया है।

# वारंटी को मंझनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मारपीट के मामले में अदालत से वारंट जारी होने के बाद थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त कल्लू पुत्र मसूरियादीन निवासी ऊनो को गिरफ्तार किया गया है विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने वारन्टी को न्यायालय भेज दिया है।

# भवन्स मेहता विद्याश्रम स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में शुक्रवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन मेहता ऑडिटोरियम में हुआ।प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर ग्रुप में हुई जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने दीप जला कर किया।प्रतियोगिता का आरंभ सबसे पहले जूनियर ग्रुप के मालवीय हाउस,मेहता हाउस,मुंशी हाउस और नेहरू हाउस के बीच 5 राउंड में हुई जिसमे अनेक तरह के प्रश्न पूछे गए जिसमे से मालवीय हाउस ने बेस्ट स्कोर करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया,मेहता हाउस एवं मुंशी हाउस ने बराबर स्कोर करते हुए संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एवं नेहरू हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी क्रम में सीनियर ग्रुप के बीच क्विज प्रतियोगिता हुई जिसमे से मुंशी हाउस ने ज्यादातर प्रश्नों के सही जवाब देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया,नेहरू हाउस को द्वितीय एवं मालवीय हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ और इस तरह से सीनियर ग्रुप के मेहता हाउस ग्रुप ने सबसे कम स्कोर करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया।प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने विजेता हाउस के सभी छात्रों को बधाई देते हुए सभी सहयोगी अध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक राकेश कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता में शिक्षक सुधाकर सिंह अवधेश मिश्रा अनिल मिश्रा राम सनेही श्रीवास्तव सुशील श्रीवास्तव सचिन त्रिपाठी,सीता यादव,विवेक शंकर चतुर्वेदी एवं विवेक केसरवानी सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।


प्रतियोगिता के अवसर पर बैठे छात्र और शिक्षक।



# एसपी का हुआ स्थानांतरण नए एसपी ने ग्रहण किया कार्यभार

## नवागत एसपी ने मां शीतला के दरबार में माथा टेक कर जिले वासियों के कल्याण की कामना की

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से शासन ने पुलिस बिभाग में बड़ा फेरबदल किया है इसी क्रम में कौशांबी जिले के पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण शासन ने कर दिया है और नए पुलिस अधीक्षक की तैनाती कौशाम्बी जनपद में करने का निर्देश शासन ने दिया है पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा का स्थानांतरण शासन ने गैर जनपद कर दिया है उनके स्थान पर कौशांबी जिले की कमान बृजेश कुमार श्रीवास्तव को शासन ने सौंपी है जिले में तैनाती होते ही नवागत पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव कौशांबी पहुंचे और उन्होंने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है पुलिस अधीक्षक ने आदि शक्तिपीठ कड़े वासिनी माता शीतला के दरबार में मत्था टेका है और उन्होंने मां से जिले वासियों की मंगल कामना कल्याण की कामना की है जैसे ही पुलिस अधीक्षक पुलिस कार्यालय पहुंचे उन्हें सलामी दी गई है।

# बहन की पैतृक संपत्ति पर पूर्व प्रधान जबरिया कर रहे कब्जा

## जमीन कब्जे की नियत के चलते दूसरे को मोहरा बनाकर भांजे पर दर्ज कराया एससी एसटी का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी मंझनपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अषाढा के पूर्व प्रधान आबिद मंजूर उनके बेटे और भाइयो के आतंक अत्याचार से उनकी बहन भांजे पीड़ित हैं पीड़ित बहन भांजे का कहना है कि ग्राम प्रधान आबिद मंजूर उनके बेटे और भाई उनके पैतृक संपत्ति पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं पूर्व प्रधान की बहन और उनके परिजनों का कहना है कि वह अपनी पैतृक जमीन बेचना चाहती हैं जमीन बेचने के बाद खरीददार को प्रताड़ित किया जा रहा है जिस पर जमीन खरीददार को कब्जा नहीं दिया जा रहा है पूर्व प्रधान जबरिया उनके पैतृक संपत्ति पर कब्जा किए हुए हैं फर्जी मुकदमे में फंसाया जा रहा है अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मोहरा बनाकर पूर्व प्रधान ने साजिश रच कर एससी एसटी का मुकदमा दर्ज करा कर प्रताड़ित कर रहे हैं पूर्व प्रधान के आतंक अत्याचार से पीड़ित उनकी बहन भांजे और भांजे की पत्नी पश्चिम शरीरा थाना पहुंची है और शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है पीड़ित परिजनों का कहना है कि पुलिस अधीक्षक से भी मिलने गए थे लेकिन मुलाकात नहीं हुई है।

पीड़ितों का कहना है कि अधिकारियों से शिकायत करने पर पूर्व प्रधान आबिद मंजूर उनके बेटे और भाइयों द्वारा मारपीट गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी जाती है।

आरोपी पूर्व प्रधान समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी हैं वह रसूखदार व्यक्ति है जिसके चलते उनके गुनाहों पर जुबान खोलने का कोई साहस नहीं कर पाता सपा नेता से पीड़ित उनकी बहन ने उनके गुनाहों के खिलाफ जुबान खोली है लेकिन उन्हें न्याय मिलता नहीं दिख रहा है रसूखदार व्यक्ति होने के चलते पुलिस उन पर कार्रवाई करने से भय खाती है अपनी पैतृक संपत्ति पर हिस्सा पाने के लिए महिला दर-दर भटक रही है और पूर्व प्रधान द्वारा उसे अपनी बहन के बजाय दूसरी महिला बताकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है पीड़ित की बहू का कहना है कि कुछ दिनों पहले वसीयतनामा में गवाही देकर पूर्व प्रधान ने अपनी बहन होने का प्रमाण दिया था लेकिन अब वह पैतृक संपत्ति हड़पने की नीयत से अपनी बहन को बहन मानने से इंकार कर रहे हैं।

# सड़क हादसे में शिक्षक दंपत्ति घायल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शिक्षिका सोनम प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी अपने पति मानसिंह के साथ दो पहिया वाहन से स्कूल के लिए निकली थीं सराय अकिल थाना के बेनीराम कटरा पेट्रोल पंप के नजदीक एक नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई जिससे पति एवं पत्नी दोनों रोड पर ही गिर गये और उनको गंभीर चोटे आयी। राहगीरों ने शिक्षक दंपति को108 डायल एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात, दोनों की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने 108 एम्बुलेंस द्वारा ही स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफेर कर दिया।

# गांजा तस्कर की करोड़ो की संपत्ति प्रशासन ने देर रात की कुर्क

## परिजनोऔर बच्चो को बाहर कर लगाया ताला,बेघर हुआ परिवार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में गांजा तस्कर पर प्रशासन ने बड़ी कार्यवाई की है, प्रशासन ने गांजा तस्कर की कई करोड़ की संपत्ति देर रात कुर्क की है। पुलिस और प्रशासन तस्कर के घर पर देर रात पहुंचे बच्चो और परिजनो को घर से बाहर निकालकर दरवाजे पर सील बंद ताला लगा दिया। घर से बाहर किए जाने के बाद मासूम बच्चे और परिजन घर के बाहर बैठे हुए है। परिजनो ने प्रशासन पर उनके पुश्तैनी घर पर भी गलत तरीके से कुर्क करने का आरोप लगाया है।मामला सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव का है जहा शिवबोधन मिश्रा को पुलिस ने गांजा की बड़ी खेप के साथ गिरफ़्तार किया था। शिवनोधन मिश्रा उर्फ शेबू अभी भी जेल में बंद है ,उसक ऊपर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्यवाई की है,जिसके बाद शासन के निर्देश पर पुलिस और प्रशासन ने उसकी करोड़ो की संपत्ति को देर रात कुर्क किया है।


संपत्ति कुर्क होने पर घर के बाहर बैठे परिजन।

# अब कमल के फूल को लेकर आपत्ति

## संपादकीय

## टेलीविजन-सिनेमा के साथ जुड़े राष्ट्रीय हित

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने 'भारत में टेलीविजन चैनलों की अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए दिशानिर्देश, 2022' को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत राष्ट्रीय और सार्वजनिक हित में सामग्री प्रसारित करना चैनलों के लिए अनिवार्य हो गया है। टीवी चैनलों को प्रतिदिन 30 मिनट की जनहित सामग्री प्रसारित करनी होगी, जिसमें शिक्षा, साक्षरता, कृषि और ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, महिला कल्याण, समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण,पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता जैसे राष्ट्रीय हित के विषय शामिल होंगे। नए दिशा-निर्देशों के तहत प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का समय "जन सेवा और राष्ट्रहित" से संबंधित सामग्री प्रसारित करने के लिए दिया जाना है, जिसके लिए चैनलों को सामग्री निर्माण के लिए आठ थीम दी गई हैं। सरकार के अनुसार, इस कदम के पीछे तर्क यह है कि हवाई तरंगें सार्वजनिक संपत्ति हैं और समाज के सर्वोत्तम हित में इसका उपयोग करने की आवश्यकता है। टेलीविजन और सिनेमा में कुछ विषय या कहानियां लोगों को एक साथ ला सकती हैं और उन्हें धर्म, जाति और समाज को विभाजित करने वाली ऐसी अन्य गलत रेखाओं से ऊपर उठकर एकजुट कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, फिल्म चक दे इंडिया बहुत बड़ी हिट थी और इसने सभी भारतीयों के मन में देशभक्ति की भावना जगाई। टेलीविजन में सामग्री एक ही समय में अरबों भारतीयों तक पहुंचती है। उपभोग की जाने वाली सामग्री महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि हम जो देखते हैं वही बन जाते हैं। यह लोगों की सकारात्मक कंडीशनिंग की ओर जाता है। व्यवहारिक कहानी मुमकिन है। उदाहरण के लिए, कोविड के दौरान दीया जलाना कोरोना योद्धाओं के समर्थन के रूप में किया गया था। यह टीवी और मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया गया था। मेगा स्टार्स के सिनेमा से युवा आसानी से प्रभावित हो जाते हैं, जिनके पास बहुत बड़ा फैन बेस होता है। अगर ऐसे फिल्मी सितारों को देश पर बनी फिल्म में शामिल किया जाए तो इससे सामाजिक बदलाव आ सकता है। जैसे, शेरशाह, उरी आदि फिल्में। टीवी चैनलों को अनिवार्य करने से उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है क्योंकि लोग इस सामग्री का उपभोग नहीं कर सकते हैं। मनोरंजन एक प्रमुख कारक है, यदि इस तरह के दिशानिर्देशों का पालन किया जाए तो टेलीविजन चैनल ग्राहकों को खो सकते हैं।

## चीन की नकल न करे भारत!

**जगदीश**

फॉक्सकॉन कंपनी से बाहर आ रही कहानियां भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि फॉक्सकॉन और कुछ अन्य कंपनियां 'आत्मनिर्भर भारत' के बैनर तले विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन भरे अभियान के हिस्से के रूप में भारत में नई सुविधाओं का निर्माण करने के लिए आ रहे हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए विभिन्न योजनाएं हैं। एप्पल आईफोन के दुनिया के सबसे बड़े असेंबलर फॉक्सकॉन के स्वामित्व और संचालन वाले मध्य चीन के झेंग्झौ स्थित कारखाना परिसरों से भयावह कहानियां सामने आ रही हैं। यह शहर कोविड के नये प्रकोप के कारण चर्चा में है। प्रमुख वैश्विक मीडिया घरानों व ताइवान के अखबारों सहित कई समाचार रिपोर्टों ने फॉक्सकॉन के मुख्यालय से असेंबली संयंत्रों से भागने वाले श्रमिकों का लेखा-जोखा दिया है। यहां कोरोना से बचाव के लिए सख्त प्रतिबंध और रोगियों को अलग रखने के लिए केन्द्र स्थापित किए गए हैं लेकिन श्रमिकों ने आइसोलेशन में रखे गए लोगों को सीमित खाद्य आपूर्ति तथा खराब चिकित्सा सुविधा के बारे में शिकायतें की हैं। बीमारी के नए दौर ने कंपनी को नई मुसीबत में डाल दिया है। कारखानों के परिसर के अंदर भीड़-भाड़ वाले कमरों में 200,000 श्रमिक रहते हैं। कंपनी पहले से ही अपनी कठोर, यहां तक कि शोषक, कार्य संस्कृति के लिए जानी जाती है। अब भागने वाले श्रमिकों को लालच दिया जा रहा है। इसके बावजूद उन लोगों के लिए नए बोनस प्रस्तावों को नजरअंदाज कर दिया है जो काम जारी रखने और छुट्टियों के मौसम के करीब आने के साथ आईफोन 14 की मांग को पूरा करने में मदद करने के लिए काफी हद तक सहमत हैं। फैक्टरी में बनाया गया एक वीडियो एक विशेष कमरे में आइसोलेशन में रखे गए सभी श्रमिकों की कथित तौर पर मृत्यु होने के बाद उनके साथियों के हताशा भरे विलाप को दशार्ता है। फॉक्सकॉन ने कहा कि फैक्टरी में कोई मौत नहीं हुई है। पिछले महीने के अंत में ताइपे से रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि झेंग्झौ संयंत्र में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए कड़े उपायों से भारी असंतोष है। साप्ताहिक छुट्टी के समय कई श्रमिक साइट से भाग गये। फाइनेंशियल टाइम्स (यूके) ने एक श्रमिक के हवाले से कहा कि बोर्डिंग हॉऊस में हालात बहुत खराब हैं। फॉक्सकॉन कंपनी से बाहर आ रही कहानियां भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि फॉक्सकॉन और कुछ अन्य कंपनियां 'आत्मनिर्भर भारत' के बैनर तले विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन भरे अभियान के हिस्से के रूप में भारत में नई सुविधाओं का निर्माण करने के लिए आ रहे हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए विभिन्न योजनाएं हैं। वेदांता-फॉक्सकॉन के जॉइंट वेंचर में वेदांता की 60 प्रतिशत इच्टिी और फॉक्सकॉन की 40प्रश इक्विटी है। इस योजना के तहत अहमदाबाद में एक सेमीकंडक्टर फैब यूनिट, एक डिस्प्ले फैब यूनिट, एक सेमीकंडक्टर असेंबलिंग और टेस्टिंग यूनिट स्थापित की जायेगी। वेदांता ने कहा है कि इस परियोजना में कुल 1,54,000 करोड़ रुपये के निवेश की परिकल्पना की गई है।

## अब कमल के फूल को लेकर आपत्ति

**उपेंद्र**

**जी-20 के** लोगो में कमल के फूल को शामिल किये जाने पर बुधवार को सियासी घमासान शुरू हो गया और कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि वह अपने चुनाव चिन्ह को बढ़ावा दे रही है, वहीं सत्तारूढ़ दल ने दावा किया कि प्रतिद्वंद्वी पार्टी भारत के राष्ट्रीय पुष्प को बदनाम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पहले ही भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 के सम्मेलन के लिए लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण किया था। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के चुनाव चिह्न का इस्तेमाल चैंकाने वाला है। साथ ही विपक्षी दल ने कटाक्ष किया कि प्रधानमंत्री तथा उनकी पार्टी खुद के प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती।

रामसेतु पर सवाल खड़ा करना हो या भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर ही सवाल उठा देना और अब कमल फूल पर विवाद खड़ा करना, कांग्रेस के डीएनए में सनातन धर्म से नफरत रचा-बसा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का बयान सामने आया। बकौल जयराम ह्यह्य70 वर्ष से अधिक समय पहले जवाहर लाल नेहरू ने कांग्रेस के झंडे को भारत का ध्वज बनाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। अब, भाजपा का चुनाव चिहन जी-20 की भारत की अध्यक्षता के लिए आधिकारिक लोगो बन गया है। भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि 1950 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा कमल को राष्ट्रीय पुष्प घोषित किया गया था। भाजपा ने इसके साथ ही सवाल किया कि कांग्रेस हर राष्ट्रीय प्रतीक को क्योंबदनाम करती है। पार्टी ने यह भी कहा कि कांग्रेस का रुख हिंदू धर्म का अपमान है क्योंकि कमल देवी लक्ष्मी और देवी सरस्वती से संबंधित है। सरकार के बयान के अनुसार जी-20 का लोगो भारत के राष्ट्रीय ध्वज के जीवंत रंगों से प्रेरित है- केसरिया, सफेद और हरा, और नीला। इसमें भारत के राष्ट्रीय फूल कमल के साथ पृथ्वी को जोड़ा गया है, जो चुनौतियों के बीच विकास को दशार्ता है। असल में कांग्रेस की सोच, दृष्टि और सियासत बेहद संकीर्ण हो गई है। उसकी सुई आज भी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर अटकी है। नेहरू को ही देश की आन, बान, शान और भारत-निमार्ता माना जाता रहा है। यकीनन नेहरू के हिस्से कई उपलब्धियां दर्ज हैं, लेकिन भारत जी-7, जी-20 देशों के समूह-संगठन का हिस्सा होने का सपना भी नहीं देख पाया था, जी-20 के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करना तो बहुत दूर की कौड़ी थी। भारत की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक हैसियत भी इतनी नहीं थी कि हम दुनिया के विकसित और सर्वसम्पन्न देशों की जमात में खड़े हो पाते। हम तो शेष विश्व के लिएतीसरी दुनिया थे। आजादी के 75 साल बादअमृत-काल के दौर तक भारत का सर्वांगीण विकास हुआ है। हम आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी और तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था हैं। बेशक इसमें कांग्रेस सरकारों के 55 साल से अधिक कार्यकालों की हिस्सेदारी और उपादेयता भी है। कांग्रेस यह यथार्थ क्यों नहीं समझती? उसकी राजनीति और नफरत सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा (संघ परिवार समेत) तक ही क्यों सिमटी है? इससे कांग्रेस को क्या राजनीतिक और सामाजिक हासिल हो रहे हैं? कोई भी राष्ट्रीय प्रतीक, राष्ट्रीय संदर्भ, राष्ट्रीय पहचान या राष्ट्रीय उपमाएंभाजपाई कैसे हो सकती हैं? वे भाजपा की बपौती या उसके कॉपीराइट की परिधियों में नहीं हैं, फिर भी कांग्रेस कपड़े फाडने में लगी है। आखिर जी-20 का भीभगवाकरण कैसे किया जा सकता है? क्या इतनी हैसियत भारत और उसके प्रधानमंत्री की है? जी-20 समूह-संगठन में अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाड़ा, जापान, इटली, ब्रिटेन, चीन, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, जर्मनी, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, रूस सरीखे समृद्ध और ताकतवर देश शामिल हैं। फिर भी अध्यक्षता भारत के हिस्से आई है। क्या यह गौरव, प्रतिष्ठा और भारतीयता का सम्मान नहीं है? कांग्रेस को इसमें भागीदार बनकर भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीयता का उदाहरण पेश करना चाहिए था, लेकिन उसने जी-20 के प्रतीक-चिह्न पर आपत्ति की है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के चुनाव चिह्नकमल का प्रयोग किया है। दरअसल कमल तब से भारत काराष्ट्रीय पुष्प है, जब भाजपा तो क्या, जनसंघ का भी जन्म नहीं हुआ था। सनातन धर्म की मान्यतानुसारकमल पर देवी लक्ष्मी और देवी सरस्वती विराजती हैं। यानीकमल बौद्धिकता, विवेक के साथ-साथ धन-संपदा का भी प्रतीक-पुष्प है। उसे महज भगवा या भाजपाई करार दकर कांग्रेस ने हमारे सनातन धर्म और उसकी आस्थाओं का अपमान किया है।कमल के बजाय कांग्रेस को व्यापक संदर्भों में सोचना चाहिए कि भारत को जी-20 से जुडकर क्या अंतरराष्ट्रीय फायदे हो सकते हैं। जी-20 के देश विश्व का 70 फीसदी से ज्यादा कारोबार कर रहे हैं। विश्व का 85 फीसदी जीडीपी इन देशों का है। इन देशों में दुनिया की दो-तिहाई से ज्यादा आबादी बसती है। जी-20 देशों के पास दुनिया के समुद्र तट का 45 फीसदी और इसके विशेष आर्थिक क्षेत्रों का 21 फीसदी हिस्सा है। भारत को जी-20 की अध्यक्षता तब मिली है, जब वह कोरोना महामारी के बावजूद 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारतीयों के ज्ञान, अनुसंधान, उद्यमशीलता और प्रौद्योगिकी को आगे बढने के मौके मिलेंगे। भारत की पौराणिक गाथाओं में कमल का विशेष स्थान है। पुराणों में ब्रह्मा को विष्णु की नाभि से निकले हुए कमल से उत्पन्न बताया गया है और लक्ष्मी को पद्मा, कमला और कमलासना कहा गया है। चतुर्भुज विष्णु को शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करनेवाला माना जाता है। भारतीय मंदिरों में स्थान-स्थान पर कमल के चित्र अथवा संकेत पाए जाते हैं। सनातन धर्म के विरोध में अंधी कांग्रेस प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति के मांगलिक प्रतीक रहे इस फूल को महज भाजपा का चुनाव चिह्न या प्रतीक समझती है। अंधविरोध में कांग्रेस पार्टी यह भी भूल गई कि यह भारत का राष्ट्रीय फूल भी है। भगवान बुद्ध की जितनी मूर्तियां मिली हैं, प्रायरू सभी में उन्हें कमल पर आसीन दिखाया गया है। मिस्त्र देश की पुस्तकों और मंदिरों की चित्रकारी में भी कमल का प्रमुख स्थान है। कुछ विद्वानों की राय है कि कमल मिस्त्र से ही भारत में आया। भारत दुनिया के सबसे बड़ेडिजिटल लोकतंत्र के तौर पर उभरा है। यह भुगतान 2026 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है, लिहाजा अर्थव्यवस्था 2030 तक 800 अरब डॉलर को पार कर सकती है। कांग्रेस को भारत की ऐसी वास्तविक आर्थिक शक्ति पर सोचना चाहिए। विपक्ष के मायने ये नहीं हैं कि आप हर समय सरकार को गालियां देते रहें। उसकी नीतियों की आलोचना की जानी चाहिए, ताकि गलती की गुंजाइश न्यूनतम हो, लेकिन जी-20 जैसा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ हो, तो भारत का एक ही चेहरा दुनिया के सामने आना चाहिए। यह सोच बेहद संकरी है कि प्रधानमंत्री मोदी जी-20 के प्रतीक चिह्न के जरिए अपनी पार्टी का प्रचार करेंगे।

इस हिसाब से तो हर व्यक्ति का हाथ कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि ये पार्टी का चुनाव चिह्न है।

इस लिहाज से तो उनका प्रचार देश के सभी लोग कर रहे हैं फिर भी उन्हें वोट नहीं मिल रहे हैं और देश में हर राज्य से उनकी सरकारें सिमटती जा रही हैं।




> दरअसल कमल तब से भारत काराष्ट्रीय पुष्प है, जब भाजपा तो क्या, जनसंघ का भी जन्म नहीं हुआ था। सनातन धर्म की मान्यतानुसारकमल पर देवी लक्ष्मी और देवी सरस्वती विराजती हैं। यानीकमल बौद्धिकता, विवेक के साथ-साथ धन-संपदा का भी प्रतीक-पुष्प है। उसे महज भगवा या भाजपाई करार देकर कांग्रेस ने हमारे सनातन धर्म और उसकी आस्थाओं का अपमान किया है

## जल संकट अब दुनिया के सभी देशों की विकट समस्या

**योगेश कुमार गोयल**



**पिछले** सप्ताह देश में जल सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें जल संरक्षण, जल के उपयोग एवं जल स्त्रोतों को संरक्षित करने के विषय पर चर्चा के लिए विभिन्न देशों के दो हजार से भी ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। जल सप्ताह के दौरान जल शोधन तथा जल को बचाने के लिए गंभीरता से चर्चा हुई। ग्रेटर नोएडा में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित भारत जल सप्ताह का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कहना था कि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर और सुरक्षित कल देने में सक्षम होने का एकमात्र तरीका जल संरक्षण ही है। हालांकि ऐसा नहीं है कि पानी की कमी को लेकर व्याप्त संकट अकेले भारत की ही समस्या है बल्कि जल संकट अब दुनिया के लगभग सभी देशों की विकट समस्या बन चुका है। राष्ट्रपति का भी कहना था कि पानी का मुद्दा केवल भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। इस अवसर पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का कहना था कि देश में जनसंख्या और जल की उपलब्धता में विषमता पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। देश में आज कई इलाके ऐसे हैं, जो जल संकट की भयावह स्थिति से गुजर रहे हैं। इसके अलावा कुछ राज्यों के बीच बरसों से पनप रहे जल विवाद भी समस्या को विकराल बनाते रहे हैं। इसीलिए उपराष्ट्रपति ने भारत जल सप्ताह के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्यों के बीच जल विवाद से कोई लाभ नहीं होगा और उन्हें जल विवादों से बचना चाहिए तथा इनका हल निकालना चाहिए। देश में जल संकट को लेकर अब जिस प्रकार की स्थितियां निर्मित होने लगी हैं, ऐसे में देश में हर साल जल सप्ताह मनाने की नहीं बल्कि पूरे साल ह्यजल वर्षह्ल मनाने की सख्त दरकार है। वर्ष 2018 में शिमला जैसे पर्वतीय क्षेत्र में भी पानी की कमी को लेकर हाहाकार मचा था और उसके अगले वर्ष चेन्नई में भी वैसी ही स्थिति देखी गई थी। महाराष्ट्र हो या राजस्थान, बिहार हो या झारखण्ड या देश की राजधानी दिल्ली, प्रतिवर्ष अब विशेषकर गर्मी के मौसम में तो जगह-जगह से पानी को लेकर लोगों के बीच आपस में मारपीट या झगड़े-फसाद की खबरें सामने आती रही हैं। ऐसे मामले जल संकट गहराने की समस्या को लेकर हमारी आंखें खोलने के लिए पर्याप्त थे किन्तु फिर भी इससे निपटने के लिए सामुदायिक तौर पर कोई गंभीर प्रयास होते नहीं दिख रहे। यही कारण है कि भारत में बहुत सारे शहर अब शिमला तथा चेन्नई जैसे हालातों से जूझने के कगार पर खड़े हैं। चिंताजनक स्थिति यह है कि दुनियाभर में पानी की कमी के कारण विभिन्न देशों में और भारत में तो विभिन्न राज्यों में ही जल संधियों पर संकट के बादल मंडराते रहे हैं। विभिन्न राज्यों के बीच पानी के बंटवारे के मामले में कई दशकों से गहरे मतभेद बरकरार हैं।

जिस कारण राज्यों के आपसी संबंधों में तनातनी देखी जाती रही है।

वर्तमान में भी जल वितरण का मामला अधर में लटका रहने से कुछ राज्यों में जलसंकट की स्थिति गंभीर बनी है।

अपनी पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्ल में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब तो है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्त्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। ह्यइंटरनेशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसीह्ल का कहना है कि पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी ही स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहाड़ों व ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों, झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिट्टी में नमी के रूप में उपलब्ध है। स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा भी इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। वैसे भी जनसंख्या की रफ्तार तो लगातार बढ़ रही है किन्तु भूमिगत जलस्तर बढ़ने के बजाय घट रहा है, ऐसे में पानी की कमी का संकट तो गहराना ही है।

प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में मैंने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में जल संकट गहराते जाने का प्रमुख कारण भूमिगत जल का निरन्तर घटता स्तर ही है। हालांकि सर्वविदित तथ्य यही है कि जल ही जीवन है और पानी के बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती लेकिन जब हर जगह पानी का दुरूपयोग होते दिखता है तो बहुत अफसोस होता है। पानी का अंधाधुध दोहन करने के साथ-साथ हमने नदी, तालाबों, झरनों इत्यादि अपने पारम्परिक जलस्त्रोतों को भी दूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसी कारण वर्षा का पानी इन जलसोतों में समाने के बजाय बर्बाद हो जाता है।

## विपरीत परिस्थितियाँ अक्सर नई दिशा की ओर धकेलती हैं

**डॉ. संजय**

**वैश्विक** स्तरपर भारत आदि अनादि काल से ही भारत एक दयालुता मेहर मेहरबानी परोपकारी पारदर्शिता हितकारी इत्यादि अनेक अद्वितीय मानवीय सिद्धांतों के भावों वाला देश रहा है, जहां आध्यात्मिकता हर भारतीय के डीएनए में समाया हुआ है। इसलिए हम कह सकते हैं कि न केवल हर भारतीय के दिल में दयालुता का भाव गहराइयों तक समाया हुआ है, बल्कि भारत माता की मिट्टी में ही दयालुता के बीजों का भंडार है, जो इस धरती पर जन्म लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में दयालुता रूपी बीज के रूप में बो जाता है जो मानवीय आयु के बढ़ने के साथ-साथ यह दयालुता रूपी वृक्ष भी बड़ा होते जाते अपनी जड़ें मजबूत करते जाता है। हालांकि इसके कुछ अपवाद भी हैं हो सकते हैं। चूंकि 13 नवंबर 2022 को हम विश्व दयालुता दिवस मना रहे हैं, इसलिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मैं उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे आओ दयालुता का भाव अपनाने का संकल्प करें। साथियों बात अगर हम दयालुता की करें तो, हर साल 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य फोकस प्रत्येक व्यक्ति को सबसे महत्वपूर्ण और अद्वितीय मानव सिद्धांतों में से एक दयालुता को प्रतिबिंबित करने और उसके अनुसरण का अवसर प्रदान करना है। यह दिन दयालुता के छोटे कार्यों को बढ़ावा देने और फिर लोगों को एक साथ लाने में भी मदद करता है।इसी तरह, दयालुता दिवस पर सभी को एक समान घोषणा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अपने स्थानीय समुदाय को किताबें, भोजन या कपड़े दान करना जश्न मनाने का एक शानदार तरीका है। यह एकता का दिन है, हालाँकि यह आंदोलन आधिकारिक तौर पर किसी राजनीतिक या धार्मिक आंदोलन से संबद्ध नहीं है, लेकिन अब 28 से अधिक राष्ट्र विश्व दयालुता दिवस में भाग लेते हैं। आंदोलन उम्मीद कर रहा है कि निकट भविष्य में किसी समय संयुक्त राष्ट्र द्वारा आधिकारिक अवकाश बनने के लिए दिन चुना जाएगा। साथियों इस दिन का एकमात्र उद्देश्य सकारात्मक शक्ति और दयालुता के सामान्य धागे पर ध्यान केंद्रित करने वाले समुदाय में अच्छे कार्यों को उजागर करना है।

जो हमें बांधता है। यह सीखने, सिखाने और दूसरों के साथ अपनी दया साझा करने का दिन है। दयालुता को मोटे तौर पर एक परोपकारी और मददगार कार्रवाई के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जो स्पष्ट इनाम की उम्मीद के बिना किसी या स्पष्ट दंड से बचने के लिए दूसरे की मदद करने की इच्छा से प्रेरित है बिल्कुल निस्वार्थ है। आज सभी एक कठिन युद्ध लड़ रहे है, सबके प्रति दयावान बनें यह सन्देश याद रखे।प्लैटो द्वारा दिया ये सन्देश हमें याद दिलाता है कि सभी अपने जीवन में किसी चुनौती का सामना कर रहे हैं और यह कि अपने गुस्से और झगड़ों में उलझ कर इस बात को भुला देना बहुत आसान है। ऐसा कोई काम करने से पहलेजिसका किसी व्यक्ति पर नकारात्मक प्रभाव होगा, खुद से एक आसान सवाल करेःक्या यह दयापूर्ण है?। यदि हम इसका सकारात्मक उत्तर नहीं दे पा रहे, तो यह हमको हमारे कृत्य और दृष्टिकोण को तुरंत बदलने की चेतावनी है। साथियों बात अगर हम दयालु बनने के कुछ तरीकों की करें तो, विनम्र बनेः यद्यपि विनम्र होना स्वयं में दयालुता का संकेत नहीं है, पर सच्ची विनम्रता हमारा उन लोगों के प्रति सम्मान दिखाती है।

जिनसे हम बात कर रहे है। विनम्रता लोगों का ध्यान आकर्षित करने और अपनी बात रखने का एक दयापूर्ण तरीका है। आभारी बनेंः वे लोग जो सच में दयालु हैं वे आसानी से आभार व्यक्त कर पाते हैं। वे किसी भी चीज को हलके में नहीं लेते और हमेशा मदद करने की लिए लोगों को धन्यवाद देते हैं। वे जानते हैं कि धन्यवाद कैसे कहें और हमारा मतलब भी वो ही हो, वे धन्यवाद पत्र लिखते है, और वे यह मानने में सहज होते हैं कि उनकी मदद की गयी है। वे लोग जो आभारी रहते हैं, वे लोगों को सिर्फ अपना दिन खुशनुमा बनाने के लिए भी धन्यवाद कहतें है, बजाय किसी विशेष काम को पूरा करने के लिए धन्यवाद करना। यदि हम अपने आसपास के लोगों के प्रति अधिक आभार मानने की आदत बना लेते है, तो हम देखेंगे कि हमारी दयालु होने की क्षमता बढ़ गई है। ज्यादा मुस्कुराइएः मुस्कुराना दयालुता का एक साधारण कृत्य है जिसका स्वयं में बड़ा महत्व है। अजनबियों, या अपने दोस्तों या परिचितों की तरफ देख कर मुस्कुराने की आदत बनाइये। यद्यपि हमको अपने चेहरे पे मुस्कुराहट चिपका कर नहीं घूमना है, किसी की ओर देखकर मुस्कुराने से वह भी हमारी तरफ देखकर मुस्कुराएगा, और उनके दिल में थोड़ी खुशी भी भर देगा।

## यूक्रेन: मोदी खुद पहल करें

**डॉ. वेदिक**

**विदेश** मंत्री डॉ. जयशंकर ने दिल्ली में एक संगोष्ठी में कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच भारत की मध्यस्थता की बात बहुत अपरिपक्व है यानी अभी कच्ची है। यह उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा है। यह सवाल किसी ने इसलिए उनसे पूछ लिया था कि वे 7-8 नवंबर को मास्को गए थे और उस वक्त यही प्रचारित किया जा रहा था कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध को रुकवाने और दोनों राष्ट्रों के बीच मध्यस्थता करने के लिए जा रहे हैं। ऐसा लग भी रहा था कि भारत एकमात्र महत्वपूर्ण राष्ट्र है, जो दोनों की बीच मध्यस्थता कर सकता है और इस युद्ध को रुकवा सकता है। ऐसा लगने का एक बड़ा कारण यह भी है कि भारत ने इस दौरान निष्पक्ष रहने की पूरी कोशिश की है। उसने संयुक्तराष्ट्र संघ के सभी मंचों पर यूक्रेन के बारे में यदि मतदान हुआ है तो किसी के भी पक्ष या विपक्ष में वोट नहीं दिया। वह तटस्थ रहा। उसने परिवर्जन किया। युद्ध के पिछले 8 महीनों में यदि उसने यूक्रेन को अनाज और दवाइयां भेजी हैं तो रूस का तेल भी खरीदा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के नेताओं से सीधा संवाद भी कायम किया। रूस के दबाव में आकर यूक्रेन की मानवीय सहायता से अपना हाथ नहीं खींचा और अमेरिका के दबाव में आकर यूरोपीय नाटो राष्ट्रों की तरह रूस के तेल और गैस को अस्पृश्य घोषित नहीं किया। मोदी ने न सिर्फ यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर झेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति पूतिन से ही बात नहीं की बल्कि युद्ध रुकवाने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के नेताओं से भी अनुरोध किया। उन्होंने शांघाई सहयोग संगठन की बैठक में पूतिन से दो-टूक शब्दों में कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है।

## पूर्व एसपी दिनेश त्रिपाठी का हुआ स्थानांतरण नए कप्तान ने लिया जनपद उन्नाव का चार्ज

**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** नए कप्तान ने ग्रहण किया पुलिस अधीक्षक उन्नाव का कार्यभार तथा पूर्व एसपी दिनेश त्रिपाठी का आयोजित किया गया विदाई समारोह । ज्ञात हो कि नवागत पुलिस अधीक्षक उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीना ने शनिवार को जनपद के पुलिस कप्तान का चार्ज ग्रहण कर लिया । इसी के साथ नवागत कप्तान ने थाना दही का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर में स्थित कार्यालय, सीसीटीएनएस, डाक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क एवं थाना परिसर आदि का बारीकी से निरीक्षण कर सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर नजर डाली । इसी क्रम में कप्तान द्वारा अभिलेखों की प्रविष्टियों एवं उनके रखरखाव के संबंध में थाना प्रभारी दही को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । वहीं पूर्व एसपी उन्नाव दिनेश त्रिपाठी का विदाई समारोह भी पुलिस लाइन सभागार में आयोजित किया गया । जिसमें जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्व दुबे व नए कप्तान ने स्थानांतरित एसपी दिनेश त्रिपाठी को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी! इसी क्रम में अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पूर्व एसपी दिनेश त्रिपाठी को पुष्प भेंट करने के साथ शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया! तथा उन्हें समस्त स्टाफ सहित भावभीनी विदाई दी गई । इस अवसर पर जिलाधिकारी उन्नाव अपूर्वा दुबे, अपर जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, सफीपुर क्षेत्राधिकारी माया राय सहित जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों ने भी दिनेश त्रिपाठी को पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई दी ।



## पचास मीटर दौड में पवन व प्रियंका अव्वल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय मिनी बाल क्रीडा प्रतियोगिता बजरंग इंटर कालेज सपहा मानिकपुर में हुई। बतौर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय का स्वागत कर बालिकाओं ने स्वागत गीत पेश किया।

शनिवार को ब्लाक स्तरीय मिनी बाल क्रीडा प्रतियोगिता में बतौर अतिथि ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा ने कहा कि खेलकूद से गांवों की प्रतिभायें बाहर निकलकर आती हैं। खेल में हमेशा दो प्रतिद्वन्दी होते हैं, जीत एक की होती है। हारने वाले को निराश न होकर लगातार प्रयास करना चाहिए। खण्ड शिक्षाधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि सभी लोग खेल को खेल की भावना से ही खेलें। आपस में द्वेष की भावना से न खेलें। खेलकूद से जहां शरीर स्वस्थ्य रहता है, वहीं मानसिक विकास भी होता है। पहले दिन हुई प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर पचास मीटर दौड बालक-बालिका में पवन व प्रियंका प्रथम, पुष्पेन्द्र व शालिनी द्वितीय रहे। सौ मीटर दौड में पवन व अनूपा प्रथम, राहुल व संगीता द्वितीय, जूनियर स्तर में गुलाव और सेजल प्रथम, राजेन्द्र और महिमा द्वितीय रहे। गोला फेंक में आंचल प्रथम और कोमल द्वितीय रही। प्रतियोगिता में उमेश मिश्रा, मान सिंह, संतोष द्विवेदी, ब्लाक व्यायाम शिक्षक अशोक पाण्डेय, सुनीत श्रीवास्तव, ओमप्रकाश, प्रमोद चैरसिया, ललक पाण्डेय, अभिलाषा सिंह, बारेलाल, हरिकिशोर दीक्षित, रोहिणी प्रसाद, वन्दना द्विवेदी आदि शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक मौजूद रहे।

## भाजपा के इतिहास-विकास पर डाली रोशनी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में सांसद आरके सिंह पटेल व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने भाजपा के इतिहास व विकास पर रोशनी डाली।

शनिवार को जिला पंचायत सभागार में भाजपा किसान मोर्चा के सम्पन्न हुए जिला प्रशिक्षण वर्ग में बतौर मुख्य वक्ता कमलाकान्त उपाध्याय ने हमारा विचार परिवार पर रोशनी डाली। अध्यक्षता करते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह व निर्मलेन्द्र पाण्डेय ने चार सत्रों में प्रशिक्षण वर्ग की बाबत जानकारी दी। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने संगठन संरचना में हमारी भूमिका कार्य पद्धति के बारे में बताया। जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र मोहन शुक्ला ने अन्तिम सत्र की अध्यक्षता करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर रोशनी डाली।

किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुन्द शुक्ला ने विस्तार से योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण वर्ग में रोहित द्विवेदी, चन्द्रदत्त त्रिपाठी, द्रोणाचार्य द्विवेदी, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, श्रवण पटेल, आभेष मिश्रा, प्रमोद जायसवाल, सुधीर मिश्रा, तिलक द्विवेदी, विजय बहादुर सिंह, रामबाबू सिंह, अनूप त्रिपाठी, सुधीर शुक्ला, सोनेन्द्र मिश्रा, बालेन्द्र प्रताप सिंह व जिला कार्य समिति के सदस्य तथा मंडल अध्यक्ष व महामंत्री एवं किसान मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## सडी-गली मिठाई बेंचने से श्रद्धालुओं से विवाद

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सीतापुर पुलिस चैकी के खोही जलेबी वाली गली में सडी-गली व बद्बूदार मिठाई बेंचने को लेकर तीर्थयात्रियों व दुकानदार से विवाद हो गया। तीखी नोंकझोंक के बीच तीर्थयात्रियों ने आरोप लगाया कि दुकानदार ने सडी-गली मिठाई दी है। विरोध पर परिजनों के साथ अभद्रता कर गाली-गलौज की है। आरोप लगाया कि खाद्य विभाग से मिलीभगत कर दुकानदार दूषित खाद्य सामग्री बेंचकर सेहत से खिलवाड कर रहे हैं।

शनिवार को जिला मुख्यालय के परिक्रमा मार्ग समेत कस्बों में भी दुकानदार मिलावटी मिठाईयां बेंचने का कारोबार कर रहे हैं। खुले में रखकर मिठाइयां बेंचने से बीमारी फैलने की सम्भावना बनी रहती है। झांसी के श्रद्धालु राजेश पटेल व राजन पटेल ने बताया कि वह अपने प्रयागराज के रिश्तेदार सुरेश व संगम के साथ परिक्रमा कर रहे थे। जलेबी वाली गली खोही में मिठाई की दुकान से मिठाई लेने पर उसमें कुछ बद्बू होने का विरोध जताया तो दुकानदार भडक गया।

तीर्थयात्रियों ने खुले में रखी मिठाई पर मक्खियां भिनभिनानें व बद्बूदार होने की शिकायत की। खाद्य अभिहीत एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी सीआर प्रजापति ने कहा कि मामले की जानकारी की जा रही है। जिस इंस्पेक्टर के क्षेत्र का मामला है, उसे मौके पर भेजा जायेगा।

## प्रधान की शिकायत का डीएम ने कराया तत्काल निदान



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने थाना मारकुण्डी में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

शनिवार को जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस तथा अन्य जो जनसुनवाई के दौरान समस्यायें मिलती हैं, उनका निस्तारण शासन की मंशानुसार कराया जाये, क्योंकि शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करायें। भूमि सबंधी मामले पुलिस व राजस्व टीम मौके पर जाकर निस्तारित करायें। तहसीलदार को निर्देश दिये कि चकबन्दी की शिकायतों का मौके पर निस्तारण करायें। प्रधान मनोज द्विवेदी ने जिलाधिकारी को बताया कि अमचुरनेरुआ में अन्ना गौवंश से किसानों को बहुत क्षति हो रही है। जिलाधिकारी ने तत्काल फोन से बीडीओ मानिकपुर को निर्देश दिये कि तत्काल समस्या का समाधान करायें। इस मौके पर तहसीलदार विवेक कुमार, थानाध्यक्ष मारकुण्डी, अनिल कुमार, राजस्व निरीक्षक चन्द्रभूषण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## तीस तक पहुंचना चाहिए पानी: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एलएनटी के सिलौटा में चल रहे प्रोजेक्ट वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का औचक निरीक्षण कर फिल्टर हाउस, सीएलएफ, मीटर रुम, स्टाफ क्वाटर, प्रशासनिक भवन, फिल्डर मीडिया, एमसीडब्ल्यूआर व डाउन स्ट्रीट देखे।

शनिवार को उन्होंने कहा कि इंटेकवेल, पाइलिंग, सिंकिंग, सिविल वर्क को समाप्त करने में कितना समय लगेगा। पावर कनेक्शन लेकर रेडी रखें। दोनों शिफ्ट में कार्य करायें। तीन नवम्बर तक बराछी, मुस्तकील, सिलौटा, मऊ में पानी पहुंच जाना चाहिए। चारों गांवों में पाइप कनेक्शन हुए या नहीं, काम बहुत धीमा है। मैनपावर बढाकर दिन-रात कार्य करें। कार्य समय से न होने पर जुमार्ना लगाया जायेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि औपचारिकता न करें। हर पावर प्वाइंट पर विचार करें। जहां पीछे हैं, वहां मैनपावर बढायें। जूनियर इंजीनियर, सहायक इंजीनियर साथ में रहकर कार्य को आगे बढायें। सुपरविजन भी करते रहें। सरकार की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। इस मौके पर एडीएम नमामिगंगे सुनन्दू सुधाकरण, जल निगम एक्सईएन सुमित कुमार, एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर जितेन्द्र तिवारी, अवर अभिषंता आशीष भारती व महावीर आदि मौजूद रहे।



## दम्पति ने तालमेल से रहने का दिया भरोसा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश महिला थाना प्रभारी ने पति-पत्नी के आपसी विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

शनिवार को राजापुर थाना क्षेत्र के ढंढियापुर गांव की श्रीमती फूलनदेवी ने शिकायत की कि उसके पति रामखेलावन पुत्र बच्चा रैकवार निवासी गढीखुर्द थाना रैपुरा उससे विवाद कर मारपीट करते हैं। ससुराल में अपने साथ नहीं रखते हैं। महिला थाना प्रभारी श्रीमती सविता श्रीवास्तव की टीम ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर भविष्य में विवाद न करने व पति-पत्नी के कर्तव्यों का पालन करने की बात कही।

दोनों पक्षों में आपसी सुलह होने पर तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती सविता श्रीवास्तव, महिला सिपाही रीता यादव व नीतू द्विवेदी मौजूद रहीं।

## आज लगेगा सीआईसी में मेदांता की टीम का शिविर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भारत कल्याण मंच के हृदय रोग एवं दंत परीक्षण शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद 13 नवंबर को सवेरे नौ बजे चित्रकूट इंटर कॉलेज में करेंगे। शिविर संयोजक योगेश जैन ने बताया कि इस शिविर में मेदांता की टीम के साथ कार्डियोलॉजी स्पेशलिस्ट समेत पूरी टीम मौजूद रहेगी। पिछड़े जिले में मेदांता गुडगांव के नामी डाक्टरों का आना मरीजों के लिए काफी लाभप्रद रहेगा।
शनिवार को संयोजक योगेश जैन ने बताया कि एक पखवारे से चल रहे विशाल निःशुल्क एवं दंत परीक्षण शिविर के पंजीयन पूर्ण हो चुके हैं। 13 को केवल गंभीर रूप से पीड़ित तथा बाहर से आए लोगों का यदि संभव हो सका तो परीक्षण कराने का प्रयास व जिनके पंजीयन हो चुके हैं, वह समय से आकर अपना परीक्षण मेदांता मेडिसिटी (गुरुग्राम हरियाणा) की टीम एवं दंत रोग विशेषज्ञ (कर्वी-चित्रकूट) से समय से आकर चित्रकूट इंटर कॉलेज में करायें।
मंच के संरक्षक पीडी गुप्ता ने अनुरोध किया कि जिनके पंजीयन हो गए हैं, वह अपने कार्ड साथ में अवश्य लाएं। शिविर में दंत चिकित्सक ओमनाथ मिश्र एवं डॉ इंदु मिश्रा डिजिटल कैमरे से एक्स-रे कर मरीजों को निःशुल्क दवाई देंगे।

## गढीवा के पास बनेगा बहुउद्देशीय हब

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने जिला मुख्यालय के राणन तालाब गढीवा के पास बहुउद्देशीय हब बनाये जाने बाबत भूमि का निरीक्षण किया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने बताया कि अन्तर्राज्जीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मार्ग पर प्रदेश की सीमा के अन्दर बहुउद्देशीय हब विकसित करने वाली सुविधाओं जैसे किसान, माल विद्यालय, हास्पिटल, बस स्टैण्ड आदि के निर्माण संबंधी प्रशासकीय विभाग ने अपने बजट से निर्माण करायेगा। हब में एक पुलिस चेकपोस्ट भी बनाया जायेगा।


उन्होंने एसडीएम कर्वी को निर्देश दिये कि एक ले आउट बना लें। सभी विभाग एक प्रस्ताव जल्द से जल्द बनाकर भेज दें, ताकि शासन को बहुउद्देशीय हब बनाये जाने बाबत जानकारी दी जा सके। इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजबहादुर, एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ, जिला पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, बीएसए लवप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश, चार की हुई गिरफ्तारी




**बलरामपुर।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बीते दिनों गायब हुई मोटरसाइकिल को तुलसीपुर थाने की पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार लोगों को पकड़ा है, वहीं 07 चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। शनिवार को घटना की खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र में बीते दिनों कई मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। जिसको लेकर थाना क्षेत्र में टीम गठित कर जांच पड़ताल की जा रही थी। तुलसीपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो अलग-अलग स्थानों से चार चोरों को पकड़ा और उनकी निशानदेही पर सात मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। उन्होंने बताया कि तुलसीपुर प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम मोटरसाइकिल चोरी को लेकर लगातार पड़ताल कर रही थी। चेकिंग के दौरान प्रकाश में आए तुलसीपुर निवासी जगदीश प्रसाद जायसवाल निवासी ग्राम सेखुइनिया कला, सन्तोष कुमार निवासी विलोहा बनकसिया, वहीद खान निवासी गनवरिया निकट कर्बला, गुलशन जायसवाल निवासी गुलहरिया घाट को पकड़ा। पकड़े गये आरोपितों ने पूछताछ में दी जानकारी के बाद ग्राम विलोहा सीमा में कल्पनाथ के खेत के पास पुवाल में 03 मोटर साइकिल व नकटीनाला के आगे ग्राम काशीराम मनकौरा जाने वाली मोड़ के पास से चार मोटर साइकिल बरामद किया गया। बरामद मोटरसाइकिल तुलसीपुर, कोतवाली देहात बलरामपुर, कोतवाली गैसड़ी थाना क्षेत्र से गायब हुई थी।

## आग से 6 लोगों की गृहस्थी खाक, लाखों का नुकसान, कूड़े के ढेर से उठी चिंगारी



**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा में दोपहर बाद कूड़े के ढेर से उठी चिंगारी ने छह ग्रामीणों की गृहस्थी को खाक कर दिया। आग से करीब 5 लाख के नुकसान का अनुमान है। पीड़ित परिवारों के पास कुछ भी नहीं बचा है। ग्रामीणों ने एकत्र होकर आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझी तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका था।
बिरखेरा के प्रधान अशोक कुमार यादव ने बताया कि दोपहर बाद कूड़े के ढेर से उठी चिंगारी ने गांव के गंगाराम पाल के रिहायशी मकान को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में आग ने पड़ोसी शिवपूजन, हरीबाबू, शंकर, विपुल, रामू के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घरों से कुछ भी निकालने का मौका नहीं मिला। आग से अनाज, भूसा, गृहस्थी का सामान जलकर खाक हुआ है। करीब 5 लाख की संपत्ति स्वाहा होने का अनुमान है।
ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका था। ग्राम प्रधान ने बताया कि घटना से गांव के लेखपाल को अवगत कराकर मौके पर बुलाया गया है।

## 'छात्र की हत्या के 12 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं हत्यारे'



**कानपुर।** कानपुर में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार ने कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की। यहां पर आईपीएस अधिकारियों की फौज है, लेकिन छात्र की हत्या के 12 दिन बाद भी हत्यारे पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इसको लेकर परिजन बराबर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। यह बात शनिवार को शहर आए सपा के प्रतिनिधिमण्डल की अगुवाई कर रहे विधायक मनोज पाण्डेय ने कही।
गौरतलब है कि चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर निवासी संजय सरकार का इकलौता बेटा रोनिल इलाके के वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर में 12वीं का छात्र था। रोनिल सरकार 31 अक्टूबर को स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर नहीं पहुंचा। इस पर परिजन स्कूल से लेकर परिचितों एवं रिश्तेदारों के यहां जानकारी की, जानकारी न मिलने पर उसी रात को थाना में गुमशुगदी दर्ज कराई। अगले दिन एक नवम्बर को श्याम नगर में रेलवे किनारे रोनिल का औंधे मुंह शव पड़ा मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई, लेकिन अभी तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर सकी। इस दौरान परिजन पुलिस कमिश्नर से लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलकर गुहार लगा चुके हैं। इसी कड़ी में परिजनों ने शनिवार को सपा प्रतिनिधिमण्डल से मुलाकात कर हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। यह प्रतिनिधिमण्डल विधायक मनोज पाण्डेय की अगुवाई में आया। इसमें सपा के 10 विधायक शामिल रहे जो सपा विधायक इरफान सोलंकी के मामले की जांच करने आये थे। पीड़ित परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाये। परिजनों ने प्रतिनिधिमण्डल से मांग की कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करवा दें।

## भाजपा तपस्वी कार्यकताओं की पाटी : अनूप गुप्ता

**देवरिया।**भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का जिला प्रशिक्षण वर्ग चार सत्रों में जिलापंचायत सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि करके और दीप प्रज्ज्वलन करके किया। जिला प्रशिक्षण वर्ग उदघाट्न सत्र के मुख्य वक्ता प्रदेश महामन्त्री, विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने भाजपा इतिहास, विकास बिषय पर बोलते हुए कहा की भाजपा तपस्वी कार्यकर्ताओ की पार्टी है। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी द्वारा 1951 को जनसंघ की स्थापना के साथ देश मे एकात्म मानववाद , अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने के लिये कार्यकर्ताओ ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ के नेताओ ने जनता पार्टी का साथ छोड़कर पंच निष्ठाओ के आधार पर भारतीय जनता पार्टी का गठन किया। देश की एकता और अखंडता को बरकरार रखने के लिये भाजपा ने लगातार कार्य करते हुए 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी, जो अब सबका साथ– सबका विकास के साथ शानदार भारत का पुनर्निर्माण कर रही है।

## मांस से लदी ट्रक खड़ी ट्रक में टकराई, बदबू से लोग रहे परेशान

**मिजार्मुराद। क्षेत्र के** रखौना गांव के सामने रिंग रोड के पास शुकवार की तड़के खड़ी ट्रक में दिल्ली से मांस का अवशेष लादकर बंगाल जा रही ट्रक संख्या (ह.इ. 25. ख 8222) पीछे से जा भिड़ी जिससे हाइवे पर चारों तरफ मांस का अवशेष बिखर गया।



ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान ने ग्रामीणों व एनएचआई के मदद से हाईवे पर खड़ी ट्रक को हटवाकर मांस के अवशेष को थोड़ी दूर गड्ढा खुदवा कर जमीन में गड़वा दिया। व रोड़ पर फैले मांस के खून को टैंकर से पानी मंगवाकर कर सड़क को धुलवाकर साफ करवा दिया।चौकी प्रभारी रविकांत ने बताया कि ट्रक के चालक व खलासी दोनों गायब है ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।वही मांस के अवशेष के बदबू से आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती रही।

# रूस की सेना पीछे हटी, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले– खेरसॉन अब 'हमारा' है..

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष पर पूरी दुनिया की नजर है। ताजा खबरों के मुताबिक रूसी सेना खेरसॉन क्षेत्र से पीछे हट गई है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी दावा करते हुए कहा है कि खेरसॉन अब हमारा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति का यह भी कहना है कि यूक्रेनी सेना की विशेष इकाइयों ने खेरसॉन शहर में प्रवेश कर लिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के दक्षिणी खेरसान क्षेत्र में नीपर नदी के पश्चिमी किनारे से अपने सभी सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। यह कदम यूक्रेन में युद्ध के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए एक और झटका माना जा रहा है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों ने मंत्रालय के हवाले से कहा कि शुक्रवार सुबह 5 बजे सैनिकों की वापसी पूरी हुई और अब वहां एक भी सैन्य इकाई नहीं बची है। जिन क्षेत्रों से रूस की सेना ने वापसी की है उनमें खेरसान शहर भी शामिल है।

इसके बाद यूक्रेन की सेना



खेरसान शहर में दाखिल हो गई है। रूसी सेना के भागने के बाद नागरिकों ने यूक्रेनी सेना का राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वागत किया। यूक्रेनी सेना की खुफिया सेवा ने बताया कि खेरसान नियंत्रण में आ गया है। वहां सेना की टुकड़ियां पहुंच चुकी हैं। हालांकि रूसी सेना खेरसान छोड़ने से पहले संग्रहालयों, सरकारी इमारतों, अस्पतालों और घरों में जमकर लूटपाट मचाई।

**रूस ने कहा- खेरसान अब भी हमारा हिस्सा**

रूस बचाव की मुद्रा में रहा और जोर देता रहा कि सैनिकों की यह वापसी रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए असहज स्थिति पैदा करने वाली नहीं है। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि मॉस्को अब भी खेरसान को रूसी हिस्सा मानता है। कहा, क्रेमलिन को करीब एक माह पूर्व खेरसान व तीन अन्य यूक्रेनी क्षेत्रों पर खुशी मनाने पर कोई अफसोस नहीं है।

**यूक्रेन को 40 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त मदद भेज रहा अमेरिका**

अमेरिकी सरकार यूक्रेन को सैन्य सहायता के रूप में और 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर भेज रही है। पेंटागन के अनुसार, इस सैन्य सहायता पैकेज में भारी मात्रा में हथियार और पहली बार चार अत्यंत सचल एवेंजर एयर डिफेंस सिस्टम भेजे जाएंगे। इस पैकेज में 'हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम' उर्फ एचआईएमएआरएस भी शामिल होगा।

**रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली हुई, यूक्रेन के 45 सैनिक रिहा**

यूक्रेन ने रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली की है। इस दौरान 45 यूक्रेनी सैनिकों को मुक्त कराया गया है। अल जजीरा ने अपनी एक रिपोर्ट में यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के हवाले से यह सूचना दी है। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से यह भी कहा गया कि मारे गए दो यूक्रेनी सैनिकों के शव भी स्वदेश भेज दिए गए हैं।

यहां के एक अधिकारी एंड्री यरमक ने अपने ट्वीट में लिखा कि युद्धबंदियों की एक और अदला-बदली। हम 45 एएफयू सैनिकों को मुक्त करने और मारे गए दो सैनिकों के शव यूक्रेन वापस लाने में कामयाब रहे। युद्ध के कैदियों के उपचार में समन्वय करने वाले कर्मचारियों के लिए भी धन्यवाद। अलविदा। हमारे लोग घर लौटेंगे। इस संबंध में इससे ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इससे पहले जुलाई में करीब 40 कैदियों की अदला-बदली हुई थी। जबकि डोनबास और ओलेनिवका क्षेत्र में उस दौरान करीब 75 सैनिका मारे गए थे।

# पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के पीड़ित अल्पसंख्यकों की मदद करता है नागरिकता संशोधन कानून

**–संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत के महाधिवक्ता का करारा जवाब**

**–जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा**

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत के महाधिवक्ता तुषार मेहता ने पाकिस्तान व उसके सहयोगियों को करारा जवाब देते हुए कहा है कि भारत का नागरिकता संशोधन कानून भारतीय नागरिकों की ही नहीं, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों की भी मदद करता है। उन्होंने साफ कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए महाधिवक्ता तुषार मेहता ने कुछ देशों द्वारा नागरिकता संशोधन कानून का मसला उठाए जाने पर सीधा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून उन कानूनों की तरह हैं जो अलग-अलग देशों में नागरिकता के लिए मानदंड तैयार करते हैं। इस कानून में परिभाषित मानदंड भारत के लिए विशिष्ट हैं और इन्हें ऐतिहासिक संदर्भों के साथ वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कानून का उद्देश्य भारत के पड़ोसी देशों अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के छह अल्पसंख्यक समुदायों हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी, जैन और ईसाइयों को को धार्मिक उत्पीड़न के आधार पर भारतीय नागरिकता मिलने में मदद करना है।

मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का मसला उठाया तो महाधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि पूरा केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। उन्होंने कहा कि सीमा पार




आतंकवाद के लगातार खतरे के बावजूद अगस्त 2019 से जम्मू- कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। भारत सरकार ने जम्मू कश्मीर के सर्वांगीण विकास के लिए कई कदम उठाए हैं जिनमें जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की बहाली, सुशासन, बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास, पर्यटन और व्यापार शामिल हैं। इस साल जम्मू कश्मीर में 1.6 करोड़ से अधिक पर्यटक आ चुके हैं, जो अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

# दुनिया में गहराता ही जा रहा है उर्वरक संकट, अनाज की पैदावार पर होगा खराब असर

**टोक्यो।** एशिया और अफ्रीका के एक बड़े हिस्से में कम अनाज पैदा होने की आशंका गहरा गई है। इसके पीछे एक बड़ा कारण उर्वरकों की तेजी से बढ़ी कीमतें हैं, जिसकी वजह से किसानों के लिए इन्हें हासिल करना कठिन हो गया है। जानकारों ने राय जताई है कि फसल कम होने के कारण दुनिया में पहले खड़ा चुका खाद्य संकट और गंभीर रूप ले सकता है। यूक्रेन में रूस के विशेष सैनिक कार्रवाई शुरू करने के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर बेहद सख्त प्रतिबंध लगा दिए। उर्वरकों की महंगाई उसका ही नतीजा है। रूस और बेलारुस पोटेशियम क्लोराइड के प्रमख निर्यातक हैं, जिसका उर्वरक उत्पादन में इस्तेमाल होता है। इसके अलावा रूस प्राकृतिक गैस का भी प्रमुख सप्लायर है, जिससे यूरोप में ज्यादतर उर्वरक कारखाने चलाए जाते हैं। प्राकृतिक गैस की महंगाई का असर उर्वरक उत्पादन और इनकी कीमत पर पड़ा है। बेलारुस रूस का खास सहयोगी देश है। इसलिए पश्चिमी देशों ने उस पर भी प्रतिबंध लगाए हैं।

गैर-ऑर्गेनिक खादों के उत्पादन में नाईट्रोजन, फॉस्फोरिक एसिड और पोटाशियम क्लोराइड का खास इस्तेमाल होता है। दुनिया भर में पोटेशियम क्लोराइड की जितनी खपत होती है, उसके 40 फीसदी हिस्से की आपूर्ति रूस और बेलारुस करते रहे हैं। विश्व बैंक ने बीते महीने एक रिपोर्ट में बताया कि इन दोनों देशों पर लगे प्रतिबंधों के कारण उर्वरकों में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की कीमतों में इस वर्ष 60 से 70 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है।

## इंडोनेशिया में मिलेंगे बाइडन और जिनपिंग, अमेरिका और चीन संबंधों पर वार्ता संभव

**वाशिंगटन।** इंडोनिशया में 14 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात होगी। दोनों देशों के राष्ट्रपति इंडोनिशिया में जी-20 की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि दोनों राष्ट्रपतियों के बीच यह बैठक जी-20 की बैठक से इतर होगी। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन-पियरे ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन 14 नवंबर को इंडोनेशिया के बाली में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। दोनों राष्ट्रपतियों की इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान की यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बढ़ गया था। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडन अमेरिका और चीन के बीच संचार की लाइनों को बनाए रखने और संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों पर चर्चा करेंगे। बैठक में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावित करने वाली अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर मिलकर काम करने पर भी चर्चा होगी। काराइन जीन-पियरे ने कहा कि दोनों नेता कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। नैन्सी पेलोसी की यात्रा के बाद, बीजिंग ने वाशिंगटन के साथ अपने कई संबंधों को तोड़ दिया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता के रूप में शी के ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद यह पहली ऐसी बैठक होगी। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुझे किसी भी तरह से नहीं लगता कि दोनों नेता बैठकर अपने सभी मतभेदों या समस्याओं को हल करने में सक्षम होंगे। लेकिन मुझे लगता है कि कुछ महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं।

## रौतहाट में ईंट कारखाने से छुड़ाए गए 38 भारतीय, बंधक बनाकर कराई जा रही थी मजदूरी

**रौतहाट।** नेपाल के रौतहाट इलाके में एक ईंट कारखाने पर बंधक बनाकर रखे गए 38 बंधुआ मजदूरों को बचाया गया है। इन लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। नेपाल की पुलिस ने यह जानकारी दी है। नेपाली पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बंधक बनाकर रखे गए लोग उत्तर प्रदेश के हैं। जानकारी के मुताबिक, ये राहत और बचाव कार्य चलाया गया था। दरअसल, उस दिन जिले के पुलिस अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि जिले की नगर पालिका परोहा स्थित अमन ईंट कारखाने में उत्तर प्रदेश के 20 पुरुषों और 18 बच्चों और महिलाओं के एक समूह को बंधक बनाकर उनसे जबरन मजदूरी कराई जा रही है। इस सूचना के आधार पर उन लोगों को बचाने के लिए पुलिस कार्यालय ने कार्रवाई के लिए एक टीम बनाकर बचाव अभियान चलाया। इस अभियान के बारे में रौतहट में पुलिस उपाधीक्षक के एक प्रवक्ता ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईंट कारखाने में बंधुआ मजदूर के रूप में काम करने वाले कुल 38 भारतीयों को बचाया गया है। ये सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि बचाए गए भारतीयों को आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक कागजी कार्रवाई के बाद बिहार के सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया में सशस्त्र सीमा बल को सौंप दिया गया। ये पहली बार नहीं है , जह नेपाल में भारतीयों को बंधक बनाकर उनसे जबरन काम कराया जा रहा था। इससे पहले 2013 में, दक्षिणी नेपाल में बंधुआ मजदूर के रूप में काम करने वाले 27 नाबालिगों सहित 64 भारतीयों को नेपाली अधिकारियों ने बचाया था।

# कोरोना महामारी में भारत ने पड़ोसी देशों को वैक्सीन दान कर पहुंचाई सहायता : उपराष्ट्रपति

**–आसियान-भारत व पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कंबोडिया पहुंचे**

**–भारत ''सुधार, प्रदर्शन और बदलाव'' के मंत्र के साथ आर्थिक वृद्धि एवं विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा: धनखड़**

**नोम पेन्ह।** कोरोना महामारी जैसी विषम परिस्थितियों में भी भारत ने अपने पड़ोसी देशों की मदद की, भारत ने उस समय पड़ोसी देशों को सहायता प्रदान की और कंबोडिया, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया, वियतनाम, लाओस को वैक्सीन दान कर मानवता की रक्षा की। यह बात देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कंबोडिया में कही। उपराष्ट्रपति नोम पेन्ह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ विदेश मंत्री



डॉ. एस जयशंकर मौजूद रहे।

ज्ञात रहे कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आसियान-भारत स्मारक शिखर सख्म्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर कंबोडिया पहुंचे हैं। यहां पहुंचने पर कंबोडिया के डाक एवं दूरसंचार मंत्री सी. वांदेथ ने उनकी अगवानी की।

इस अवसर पर धनखड़ ने कहा कि दोनों देश सदियों पुरानी सभ्यता से जुड़े हैं। उपराष्ट्रपति कंबोडिया की राजधानी पहुंचे भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। धनखड़ ने कहा कि दोनों देश समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को साझा करते हैं और सदियों पुरानी सभ्यता से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारत में अवसरों से भरा हुआ है। हमारा देश सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र पर चलकर आर्थिक विकास के पथ पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कंबोडिया की राजधानी में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी के साथ यहां आकर बेहद खुशी हुई। वास्तव में भारत और कंबोडिया राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरे होने का यह एक विशेष अवसर है। यह वर्ष भारत-आसियान मैत्री वर्ष के साथ भारत-आसियान संबंधों की 30वीं वर्षगांठ भी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भारत के कदमों को लेकर धनखड़ ने कहा कि भारत ने आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का मील का पत्थर हासिल कर लिया है।

गौरतलब है कि वे शनिवार को नोम पेन्ह में आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद 13 नवंबर को वे 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसमें आसियान के 10 सदस्य देश ब्रूनेई दारुसलाम, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमा, सिंगापुर, थाईलैंड, फिलीपीन और वियतनाम शामिल हैं। इसके अलावा इस शिखर सम्मेलन में आठ संवाद साझेदार भारत, चीन, जापान, कोरिया गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका और रूस भी शामिल होंगे। इस साल आसियान-भारत संबंधों की 30वीं वर्षगांठ है और इसे आसियान-भारत मैत्री वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है।

# अमेरिका ने भारत को मुद्रा निगरानी सूची से किया बाहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत को मुद्रा निगरानी सूची से दो साल बाद बाहर कर दिया है। अमेरिका ने इस सूची से इटली, मैक्सिको, थाईलैंड और वियतनाम को भी मुद्रा निगरानी सूची से बाहर किया है वहीं चीन को इस सूची में अभी भी बरकरार रखा गया है। इसकी जानकारी ट्रेजरी विभाग ने कांग्रेस को दी गई अपनी द्विवार्षिक रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया गया है। गौरतलब है कि किसी देश की विदेशी विनिमय नीति पर संदेह होने पर अमेरिका निगरानी सूची में डाल देता है।

अमेरिका द्वारा यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यूएस ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन नई दिल्ली के दौरे पर हैं। दिल्ली दौरे पर उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात और वार्ता भी की। येलेन की भारत यात्रा से पहले अक्तूबर में भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



अमेरिका गई थीं। उन्होंने अमेरिकी वित्त मंत्री येलेन के साथ वर्तमान वैश्विक आर्थिक हालात पर चर्चा की थी।

गौरतलब है कि ट्रेजरी विभाग ने कांग्रेस को सौंपी गई अपनी द्विवार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि वर्तमान में मुद्रा निगरानी सूची में चीन, जापान, कोरिया, जर्मनी, मलेशिया, सिंगापुर और ताइवान शामिल हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन देशों को सूची से हटा दिया गया है, वे लगातार दो रिपोर्टों के लिए तीन मानदंडों में से केवल एक को पूरा कर पाए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशी मुद्रा विनिमय को प्रकाशित करने में चीन की विफलता और इसकी विनिमय दर तंत्र की प्रमुख विशेषताओं के आसपास पारदर्शिता की व्यापक कमी के कारण इस पर ट्रेजरी की निगरानी की जरूरत है। वहीं, इसमें बताया गया है कि स्विट्ज़रलैंड ने एक बार फिर तीनों मानदंडों के लिए बनाए गए पैरामीटर को पार कर लिया है।

ट्रेजरी सचिव येलन ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले से ही यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध और उससे पहले कोविड-19 की वजह से आपूर्ति और मांग में असंतुलन से निपट रही थी। इन दोनों वजहों के कारण ही खाद्य, उर्वरक और ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि हुई है।

## 7.3 तीव्रता के भूकंप से दहला टोंगा, सुनामी खतरे की चेतावनी को बाद में किया निरस्त

**वेलिंग्टन।** नेपाल में भूकंप के दो दिन बाद दक्षिणी प्रशांत में टोंगा के पास रिक्टर स्केल पर 7.2 के भूकंप से पूरा क्षेत्र दहल उठा। भूकंप की तीव्रता को देखते हुए टोंगा सरकार ने सुनामी की चेतावनी जारी कर दी। हालांकि सरकार ने थोड़ी देर बाद चेतावनी को निरस्त करते हुए वापस ले लिया। अमेरिकी जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप 24.8 किमी की गहराई पर था, जो नेयाफू के दक्षिण-पूर्व में लगभग 211 किमी पूर्व समुद्र में स्थित था। यूएस पैसिफिक सुनामी वार्निंग सेंटर (यूएसजीएस) ने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, इस भूकंप के बाद आने वाले सुनामी का खतरा अब समाप्त हो चुका है। मालूम हो कि इस सुनामी का असर



न्यूजीलैंड पर नहीं पड़ेगा। देश की राष्ट्रीय आपात प्रबंधन एजेंसी ने अपने ट्विटर पर बताया कि न्यूजीलैंड को सुनामी का कोई खतरा नहीं है। हालांकि टोंगा की मौसम सेवा ने उच्च स्थानों पर रहने वाले निवासियों को चेतावनी देना जारी रखा है। मौसम सेवा ने कहा कि लोग ऊंचे स्थान पर रहे और सरकार की तरफ से जारी सूचनओं पर नजर बनाएं रखें। मालूम हो कि इस साल जनवरी में टोंगा में हाआपाई ज्वालामुखी विस्फोट हुआ था, जिसके कारण गांवों और रिसार्ट को भारी नुकसान हुआ था। इस घटना में करीब 105,000 लोग प्रभावित हुए थे और तीन लोगों की मौत हो गई थी।

# चीन में कोरोना का कहर, 24 घंटे में सामने आए दस हजार से ज्यादा नए मामले

**बीजिंग।** चीन में कोरोना का कहर टूट पड़ा है। पिछले 24 घंटों में दस हजार से अधिक लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इस कारण चीन के कई शहरों में लॉकडाउन लगा दिया गया है। विमान सेवाओं सहित परिवहन की सभी सेवाएं इस कारण प्रभावित हुई हैं।

पूरी दुनिया में कोरोना के मामले कम होने की संभावनाओं के बीच चीन में बीते छह माह में सर्वाधिक कोरोना के मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में सिर्फ गुआंगझोउ में ढाई हजार सहित दस हजार से अधिक नए कोरोना मामले दर्ज किये गए हैं। देश के प्रमुख शहरों में लॉक डाउन लगा दिया गया है और लोगों



को घरों से बाहर न निकलने को कहा गया है।

कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए राजधानी बीजिंग में प्रतिबंध कड़े कर दिये गए हैं। सरकार ने एहतियात के तौर पर कई पर्यटन स्थल बंद कर दिये हैं। चाओयांग जिले के कई क्षेत्रों को उच्च या मध्यम जोखिम वाले क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया गया है। अधिकांश क्षेत्रों में लोगों को घरों से न निकलने देने के आदेश कर दिये गए हैं। चीन की सेना पाबंदियों का अनुपालन सुनिश्चित करने में जुटी है। कोरोना के कारण चीन की परिवहन व्यवस्था भी चरमरा रही है। तमाम हवाई अड्डों की उड़ानें बाधित हुई हैं। सड़क परिवहन भी रोक दिया गया है।

## अक्टूबर में महंगाई दर सात फीसदी से कम रहने की उम्मीद : शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई है कि अक्टूबर महीने में महंगाई की दर सात फीसदी से नीचे रह सकती है। उन्होंने कहा कि आरबीआई और सरकार दोनों महंगाई की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपट रहे हैं। आरबीआई गवर्नर ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत के समग्र वृहद-आर्थिक बुनियादी पहलू में लचीलापन बरकरार है।

## जयशंकर ने नामपेन्ह में की यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा से मुलाकात, परमाणु खतरे पर की बात

**नामपेन्ह।** कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह में आयोजित आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन के मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन जंग व परमाणु खतरे समेत तमाम मसलों पर




बात की। जयशंकर ने ट्वीट कर बताया कि हमारी चर्चा में यूक्रेन संघर्ष, वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच अनाज पहल और परमाणु चिंता से जुड़े तमाम मसले शामिल थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।